# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 19 | जयपुर | गुरुवार, 21 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

w w w Ð b a d h a t a r a - badhatarajasthan@yahooÐ- badhatarajasthanÐ- badtarajasthan


# महाराष्ट्र की सभी 288 और झारखंड की 38 सीटों पर मतदान संपन्न, 23 को आएंगे नतीजे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र और झारखंड में मतदान संपन्न हो गया है। महाराष्ट्र में बुधवार को सभी 288 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हुई। झारखंड में बुधवार को दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोटिंग हुई। महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कुल 4140 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

महाराष्ट्र में बीजेपी 149 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) 81 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ रहा है। वहीं एनसीपी (अजित गुट) 59 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दूसरी तरफ एमवीए में शामिल कांग्रेस 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना 95 सीट और राकांपा (शरद ) 86 सीट पर चुनाव लड़ रही है।

महाराष्ट्र में बीएसपी और एआईएमआईएम सहित छोटी पार्टियां भी चुनाव लड़ रही हैं। बसपा ने 237 और एआईएमआईएम ने 17 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। इस बार सभी पार्टियों के लगभग 150 उम्मीदवार बागी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

### झारखंड़ में 528 कैंडिडेट्स मैदान में:

झारखंड़ के दूसरे चरण में आज शेष 38 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 528 कैंडिडेट्स के किस्मत का फैसला कैद होगा। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनका परिवार, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, पूर्व उपमुख्यमंत्री स्टीफन मरांडी, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, पूर्व डीएसपी नवनीत हेम्ब्रम जैसे कई दिग्गज चेहरे शामिल है। बरहेट सीट से हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा ने गमलियाल हेम्ब्रम को उतारा है। हेमंत की पत्नी कल्पना गांडेय सीट से, मुख्यमंत्री हेमंत के भाई बसंत दुमका से, शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को भाजपा ने जामताड़ा से उतारा है। बाबूलाल मरांडी धनवार सीट से, आजसू प्रमुख सुदेश महतो सिल्ली सीट से मैदान में है।

झारखंड और महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव मे शाम 5 बजे तक 67 159 फीसदी मतदान हुआ।

# यूपी में पुलिस पर पथराव, इंस्पेक्टर ने महिलाओं पर पिस्टल तानी; पंजाब में आप-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर सीट पर उपचुनाव की वोटिंग के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा। बाद में ककरौली थाने के इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने भीड़ को खदेड़ने के लिए वहां मौजूद महिलाओं पर रिवॉल्वर तान दी और कहा- यहां से चली जाओ, नहीं तो गोली मार दूंगा।

समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर रिवॉल्वर ताने हुए इंस्पेक्टर का वीडियो शेयर करते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की।

यूपी के करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या उत्तर प्रदेश में करहल, मीरापुर,, ककरौली, सीसामऊ सीट, मुजफ्फरनगर में पुलिस से झड़पें हुईं। करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या कर दी गई। पिता ने आरोप लगाया कि सपा को वोट देने से मना करने पर युवक ने बेटी को मार डाला।

चुनाव आयोग ने सपा की शिकायत पर 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि इन्होंने मतदाताओं के वोटर आईडी चेक किए और बूथ पर नहीं जाने दिया। कानपुर में 2, मुरादाबाद में 3 और मुजफ्फरनगर में 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने कहा- मुस्लिम बहुल इलाकों में प्रशासन लोगों को डरा रहा है। चमनगंज इलाके में पुलिस और आरएएफ ने लोगों को दौड़ाया। आप-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प, अकाली दल उपाध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी पंजाब के डेरा बाबा नानक में कांग्रेस और आप समर्थकों में वोटिंग को लेकर झड़प हो गई। उन्हें शांत कराने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आरोप लगाया है कि पंजाब की आप सरकार गुंडागर्दी कर रही है। इसके साथ यहां दूल्हा 7 फेरे लेने से पहले वोटिंग करने के लिए पोलिंग बूथ पर पहुंचा

वहीं वोटिंग के बीच पूर्व मंत्री और अकाली दल के वाइस प्रेसिडेंट अनिल जोशी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

# सुधर रहे भारत-चीन के रिश्ते, रक्षा मंत्री डोंग जून से मिले राजनाथ सिंह



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने सैन्य विवाद को सुलझा कर द्विपक्षीय रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में अपनी कोशिश तेज कर दी है। बुधवार को दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की अगुवाई में आधिकारिक बैठक लाओस में हुई है। इस बैठक को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेहद रचनात्मक करार दिया है और आपसी भरोसे बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है।

### चीनी रत्रा मंत्री से राजनाथ सिंह की मुलाकात

राजनाथ सिंह की चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ यह मुलाकात विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक के 48 घंटे बाद हुई है। जयशंकर और वांग यी के रियो डी जनेरो में बैठक हुई थी जिसमें कैलास मानसरोवर यात्रा की शुरुआत करने, दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने जैसे मुद्दों पर बात हुई थी।

### भारत-चीन के बीच सुधर रहे हालात

भारत और चीन के बीच स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा के कुछ हिस्सों पर सैन्य विवाद अप्रैल, 2020 से चल रहा था। इसे सुलझाने में अंतिम सफलता 21 अक्टूबर, 2024 को पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई हुई बैठक में मिली। उसके बाद जिन स्थलों पर दोनों देशों के सैनिक अभी तक तैनात थे, उन्हें हटा लिया गया है और दोनों तरफ की सेनाएं तनाव शुरू होने से पहले वाली स्थिति में करने लगी हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी कहा है कि शीर्ष नेताओं के बीच सहमति के आधार पर अब संतोषजनक कदम उठाये जा रहे हैं। इस क्रम में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक अहम माना जा रहा है।

# राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री शर्मा

## राजस्थान शीघ्र ही इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 लॉन्च करेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में बुधवार को एनर्जी प्री-समिट में ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों के साथ 6.57 लाख करोड़ रुपये के निवेश एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। बुधवार को हस्ताक्षरित एमओयू में सौर, पवन, हरित हाइड्रोजन, हाइब्रिड, पंप स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज और हरित अमोनिया परियोजनाओं सहित अक्षय ऊर्जा और बिजली उत्पादन क्षेत्र के विभिन्न खंडों में परियोजनाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर बोलते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हस्ताक्षरित निवेश प्रस्तावों के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन से राज्य में लगभग 70000 नए रोजगार सृजित होंगे।

राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निवेशकों से आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा, राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। राज्य में 2245 मेगावाट की क्षमता वाला दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है, यहाँ 325 दिन से अधिक धूप रहती है, हमारे पास सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्र में असीमित अवसर मौजूद हैं। हमारा लक्ष्य राजस्थान को एक एनर्जी-सरप्लस राज्य बनाना है जो न केवल प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों और देशों की मांगों को भी पूरा करने में भी सक्षम हो।

मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि सरकार जल्द ही इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 लाएगी, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में कई नए संभावनाओं, जैसे कि पंप भंडारण, हरित हाइड्रोजन, बैटरी भंडारण, जैव ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा आदि क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ मौजूद राजस्थान सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने कहा, सरकार निवेशकों की व्यापक निगरानी और मार्गदर्शन के माध्यम से एमओयू के शीघ्र क्रियान्वयन की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।




मुख्यमंत्री शर्मा के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 आयोजित करने की यह पहल मजबूत इरादे और हमारे दृढ़ निश्चय को दर्शाती है। आने वाले 3-4 वर्षों में एमओयू को धरातल पर चालू परियोजनाओं में परिवर्तित करने के लिए काम किया जाएगा समिट से पहले अक्षय ऊर्जा के विविध क्षेत्रों में एमओयू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत भारी मात्रा में निवेश जुटाने में सबसे आगे रहा है। हालांकि राज्य सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है, लेकिन यह जानकर बहुत खुशी होती है कि आज बहुत सारे निवेशकों ने अक्षय ऊर्जा के नए क्षेत्रों में परियोजनाएं स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव-ऊर्जा श्री आलोक ने कहा, राजस्थान ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र और सही नीतिगत माहौल बनाया है, जो न केवल राजस्थान के ऊर्जा परिवर्तन में बल्कि पूरे देश के लिए योगदान देगा। इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 जैसी क्षेत्र में नई नीतियों का शुभारंभ राज्य को इस क्षेत्र में लचीलापन और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में आरआरईसी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री आलोक गुप्ता, डिस्कॉम्स की अध्यक्ष सुश्री आरती डोगरा, राजस्थान सरकार के आरवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक श्री नथमल डिडेल, आरआरईसीएल और आरयूवीआईटी के प्रबंध निदेशक श्री ओम प्रकाश कसेरा और राजस्थान सरकार के अन्य अधिकारी शामिल थे।

# अरविंद केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा, कर डाली ये मांग



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजजेंसी )।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिसने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उत्पाद शुल्क नीति मामले में उनके खिलाफ आरोप दायर करने की अनुमति दी थी। ट्रायल कोर्ट ने पहले ईडी को केजरीवाल और अन्य पर उत्पाद शुल्क नीति के कार्यान्वयन से जुड़े एक कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते हुए आरोप पत्र दाखिल करने की अनुमति दी थी। केजरीवाल की कानूनी टीम का तर्क है कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और उनका उद्देश्य ईडी की कार्रवाई के संबंध में अदालत से राहत मांगना है। इस मामले पर जल्द सुनवाई होने की उम्मीद है। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक ने इस आधार पर ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय से निर्देश मांगा कि विशेष न्यायाधीश ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए किसी मंजूरी के अभाव में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दोहराया इतिहास

## चीन को 1-0 से हराकर फिर बनी एशियन चैंपियन

नई दिल्ली। बढ़ता राजस्थान




भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास को दोहराया है। दरअसल, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर भारत ने फिर से चैंपियन बन गया है। चीन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और गेंद को ज्यादातर समय अपने नियंत्रण में रखा और दूसरी तरफ चीन के खिलाड़ी मैच में एक भी गोल करने में नाकामयाब रहे। भारत ने तीसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है और साउथ कोरिया की बराबरी कर ली है। बता दें कि, साउथ कोरिया ने भी 3 बार एसीटी चैंपियंस ट्रॉफी का टाइटल तीन बार जीता था।

हरेंद्र सिंह के हेड कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम ने अपना पहला खिताब जीता। वहीं भारत की तरफ से एकमात्र गोल दीपिका ने किया है। सलीमा टेटे के अगुवाई मं भारतीय महिला टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में दबदबा कायम रखा और पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारा। सेमीफाइनल में भारत ने जापान को 2-0 से मात दी थी। ये तीसरी बार है जब भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुआ है। इससे पहले भारत ने 2016, 2023 में ये खिताब अपने नाम किया था। वहीं मुकाबले की बात करें तो, पहला हाफ में दोनों टीमों की तरफ से कोई गोल नहीं हुआ। हां लेकिन दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में भारत को मिले पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने गोल करके खचाखच भरे बिहार खेल यूनिवर्सिटी स्टेडियम में मौजूद दर्शखों में उत्साह का संचार कर दिया। दूसरे हाफ में पहले ही मिनट में लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया।

# जयपुर-देहरादून फ्लाइट का 18 हजार फीट ऊंचाई पर इंजन फेल

### 70 पैसेंजर सवार थे, 30 मिनट अटकी रहीं सांसें; दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**जयपुर।** जयपुर-देहरादून की इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई-7468) का 18 हजार फीट पर एक इंजन फेल हो गया। फ्लाइट में 70 पैसेंजर थे। प्लेन की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। खराब इंजन के साथ प्लेन हवा में करीब 30 मिनट रहा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब 7 बजे की है। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस के विमान को 19 नवंबर शाम जयपुर एयरपोर्ट से शाम 5:55 पर देहरादून के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से विमान ने तय वक्त से 40 मिनट देरी से 6:35 पर देहरादून के लिए उड़ान भरी।

इसके करीब 25 मिनट बाद ही विमान के इंजन में खराबी आ गई। पायलट ने एयर दिल्ली के ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से संपर्क कर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# सिंगापुर से आए प्रतिनिधि मंडल की मेजबानी में भाजपा नेता भूल गए भगवा

## प्रतिनिधि मंडल को लुभाने के लिए प्रदेश स्तर पर ही दुपट्टे में किया बड़ा बदलाव

बढ़ता राजस्थान

### सफेद डिजाइनर दुपट्टे में आए नजर सभी भाजपा नेता और पदाधिकारी

**जयपुर (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय जयपुर में सिंगापुर से आए सौलह सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा को जानो कार्यक्रम के तहत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय का दौरा किया। इस दौरे के दौरान स्वागत में मौजूद प्रदेश इकाई के पदाधिकारी अपना परंपरागत पार्टी के भगवा दुपट्टे को छोड़कर सफेद रंग के एक नए दुपट्टे में नजर आए। जब इस बारे में पूछे जाने पर अधिकांश पदाधिकारी अधिकारिक रूप से बोलने को तैयार नहीं हुए। लेकिन आधिकारिक रूप से बताया की सिंगापुर से प्रतिनिधि मंडल आया है। इसलिए फैशन के हिसाब से यह दुपट्टा ज्यादा अच्छा लग रहा है,इसलिए पहना गया है। इसके अलावा कई पदाधिकारी से भी जानकारी मिली कि दिल्ली या केंद्रीय नेतृत्व से इसका कोई लेना-देना नहीं है। यह केवल खास इस इवेंट के लिए दुपट्टे बनाए गए हैं । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया से सहसंयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने कहा कि दुपट्टे में किसी तरीके का कोई बदलाव नहीं है। क्योंकि भाजपा कार्यालय में विदेशी डेलिगेशन आया है। इसलिए पार्टी के द्वारा आज के इस इवेंट के लिए खास तौर से दुपट्टे को डिजाइन करवाया गया है। लेकिन दुपट्टे में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अंदर भी भगवा रंग में कमल का फूल और अंग्रेजी हिंदी में भाजपा लिखा हुआ है। जो की भगवा रंग में मौजूद है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा ने बताया







कि क्या और क्यों बदलाव किया गया है। इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है पर यह दुपट्टा अच्छा लग रहा है शायद इसीलिए पार्टी के द्वारा यह दुपट्टा उन्हे दिया गया है। और इसमें भी कमाल का फूल और भाजपा मौजूद है। गौरतलब है कि राजस्थान के परंपरागत सांगानेरी प्रिंट और भाजपा के दुपट्टे में एक भी पदाधिकारी नजर नहीं आया। उन्होंने नए फैशनेबल भाजपा के दुपट्टे का उपयोग किया।

# जयपुर की विरासत देख खुश हुए जयपुरवासी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान टूरिज्म के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का तीसरा सीजन होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में एग्जिबीशन के बुधवार को स्टूडेंट्स ने एक साथ एक ही जगह हेरिटेज,मंदिर,किले,कल्चर के साथ पूरा जयपुर देखा। जयपुर कॉलेज स्टूडेंट ने जयपुर की कला संस्कृति और विरासत को देखा और समझा। बुधवार को जयपुर हेरिटेज एग्जिबिशन में आई पी एस हेमंत शर्मा,हेरिटेज मेयर कुसुम यादव,फूड सेफ्टी कमिश्नर पंकज ओझा, टूरिज्म डिप्टी डायरेक्टर दलीप सिंह, वैक्स म्यूजियम डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव,ने एग्जिबिशन विजिट कर सभी को बधाई दी। एक साथ जयपुर देख लोगो ने कहा कितना सुंदर है जयपुर। जयपुर के कल्चर,संस्कृति को देख सब ने अपने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया एक्जीबिशन में स्कूली बच्चों और कॉलेज स्टूडेंट को जयपुर संस्कृति और हेरिटेज विरासत के बारे में जानकारी दी जाएगी जिससे आज का यूथ अपनी विरासत को सजोए। जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना है। टूरिज्म को प्रमोट किया जाए। एग्जीबिशन 16 से 23 नवम्बर तक एग्जीबिशन का समय सुबह 11 बजे से होगा और एंट्री सभी के लिए निशुल्क है।

# मरीज के होश में रहते डॉक्टर्स ने निकाला ब्रेन ट्यूमर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीके बिरला हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी टीम की विशेषज्ञता का बेहतरीन उदाहरण देखने को मिला। ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे एक मरीज की जटिल सर्जरी की गई जिसमें सर्जरी के दौरान मरीज पूरी तरह से होश में रहा। सर्जरी से पहले मरीज को बार-बार मिर्गी के दौर आते थे जिसके कारण अस्थाई रूप से उनकी आवाज भी कुछ देर के लिए चली जाती थी। यह सर्जरी सीनियर न्यूरो सर्जन डॉ. अमित चक्रबर्ती, डॉ. संजीव सिंह और न्यूरो एनेस्थेटिस्ट डॉ. दीपक नंदवाना तथा डॉ. अवनी मिश्रा ने मिलकर की। ऐसी अनूठी न्यूरो सर्जिकल प्रकिया को अवेक क्रैनियोटोमी या अवेक ब्रेन सर्जरी के नाम से जाना जाता है। डॉ. अमित चक्रबर्ती ने बताया कि मरीज को बार-बार मिर्गी के दौर आते थे जिसके कारण अस्थाई रूप से उनकी आवाज भी कुछ देर के लिए चली जाती थी। आवश्यक जाँचे कराने पर ब्रेन के स्पीच एरिया में ब्रेन ट्यूमर मिला। ब्रेन ट्यूमर ऐसी जटिल जगह पर था कि सर्जरी से मरीज की बोलने की क्षमता जा सकती थी और लकवा होने का भी खतरा था। फिर मरीज को सी के बिरला हॉस्पिटल, जयपुर लाया गया जहां न्यूरोसर्जरी की टीम ने सफलतापूर्वक ब्रेन ट्यूमर को मरीज के होश में रहते हुए निकाला। दिमाग के देखने, बोलने या शरीर की मुख्य गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले हिस्से में से ट्यूमर को निकालने के लिए 'अवेक ब्रेन सर्जरी या अवेक क्रैनियोटोमी' नामक नवीनतम तकनीक विश्वभर में प्रचलन में है। इस केस में ट्यूमर दिमाग के उस हिस्से में था जहां से बोली एवं शरीर की मुख्य गतिविधियां नियंत्रित होती है। यह सर्जरी इसलिए भी चुनौतिपूर्ण थी, क्योंकि सर्जरी के दौरान छोटी सी गलती भी हो जाने पर मरीज बोलने की क्षमता खो सकता था।

**मरीज के होश में रहते हुए निकाला ट्यूमर :** न्यूरो सर्जन डॉ. संजीव सिंह ने बताया कि सामान्य ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में मरीज को बेहोश कर दिया जाता है। अवेक ब्रेन सर्जरी में मरीज की प्रतिक्रिया की लगातार निगरानी की जा सकती है, जिससे सर्जन को मस्तिष्क के अन्य क्षेत्रों को बिना नुकसान पहुंचायें सटीक स्थान का पता लगाने में मदद मिलती है। इस केस में मरीज को आदेश अनुसार अपने उंगलियों को हिलाने के लिए और कुछ न कुछ बोलते रहने के लिए कहा जाता रहा। उसकी तुरंत प्रतिक्रिया से हमें सर्जरी को सुरक्षित रूप से अंजाम देने में सहायता मिली, क्योंकि जब भी हम गलत हिस्से को छेड़ते थे तो मरीज को स्पीच अरेस्ट हो जाता था। इस केस के बारे में डॉक्टर्स ने और जानकारी दी कि, चार घंटे से ज्यादा समय तक चली इस सर्जरी में हाई एंड माइक्रोस्कोप के साथ ट्यूमर फ्लोरेसेंस तकनीक का इस्तेमाल हुआ जिससे ब्रेन एरिया को बारीकी से देखने में मदद मिली। ऐसी सर्जरी देश में उन्हीं केन्द्रों पर ही की जा सकती है जिसमें अनुभवी न्यूरो सर्जिकल टीम होती है। सर्जरी के बाद मरीज ने अच्छी तरह से रिकवरी की और सर्जरी के 3 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिली।

### सीके बिरला हॉस्पिटल की न्यूरोसर्जरी टीम ने की अवेक सर्जरी



# पुलिस-पब्लिक वॉलीबॉल लीग का आयोजन आज से

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस व आम जनता के बीच की दूरियों को समाप्त कराने के लिए जयपुर पुलिस की अभिनव पहल एवं नवाचारों की कड़ी में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पुलिस एवं पब्लिक के मध्य आपसी सामंजस्य एवं आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर जिले में आज से पुलिस-पब्लिक वॉलीबॉल का आयोजन किया जा रहा है जो 1 दिसंबर तक चलेगी । वॉलीबॉल लीग में पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर जिले की कुल तीस टीमें भाग लेगी। प्रत्येक थाने स्तर से पुलिस एवं पब्लिक के एक-एक टीम, एक महिला टीम उत्तर प्रथम एवं उत्तर द्वितीय व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की एक टीम प्रतियोगिता में शामिल होगी। वॉलीबॉल मैचों के प्रथम चरण में प्रत्येक थाने की एक टीम उसी थाना क्षेत्र के आमजन (पब्लिक) की टीमों के मध्य मैच होगा।थाना स्तर की विजेता टीम दूसरे चरण में सर्किल स्तर पर मैच खेलेंगी। फाइनल मैच जिला स्तर पर पहुंचने वाली टीमों के मध्य होगा। थाना कोतवाली, नाहरगढ़, जालुपूरा एवं संजय सर्किल के मैच चौगान स्टेडियम में खेले जाएंगे । इसी प्रकार थाने रामगंज एवं गलता गेट के मैच हीदा की मोरी में खेल ग्राउंड में होंगे। माणक चौक एवं सुभाष चौक के मैच चार दरवाजे पर होंगे। वहीं ब्रह्मपुरी थाने के मैच पुलिस लाईन, जयपुर ग्रामीण में होंगे। थाना जयसिंहपुरा खोर के मैच मित्तल कॉलेज में होंगे। थाना आमेर के मैच नवलक्खा स्टेडियम एवं शास्त्री नगर, विद्याधर नगर, भट्टा बस्ती थानों के मैच विद्याधर नगर स्टेडियम में सम्पन्न करायें जाएंगें।






## कैलाश विजयवर्गीय द्वारा बीपीएल सीजन 8 का पोस्टर विमोचन, 15 दिसंबर से जयपुर में आयोजित होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजय वर्गीज स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान, जयपुर, राजस्थान द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट मैच आयोजित किया जाता है, जो विजयवर्गीय समाज द्वारा संचालित है। इस वर्ष की खेल प्रतियोगिता 'ऑल इंडिया विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8' के पोस्टर का विमोचन कैलाश विजयवर्गीय , नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन के सचिवालय एवं भोपाल विजयवर्गीय वैश्य समाज के अध्यक्ष मनीष विजयवर्गीय द्वारा किया गया। स्वस्थ, युवा, सशक्त समाज और समर्थ राष्ट्र के विकास की कामना के साथ, वीपीएल टीम पिछले 8 वर्षों से अनवरत राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। यह प्रतियोगिता युवा शक्ति को सर्वोत्तम प्लेटफार्म उपलब्ध करवा रही है। निस्वार्थ भाव से प्रतियोगिता में देश भर के दिग्गज पेशेवर क्रिकेटर, विभिन्न पदों पर आसीन अधिकारी और कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक राइजिंग राजस्थान क्रिकेट अकेडमी, महल रोड, जयपुर में खेली जाएगी, जैसा कि मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय ने बताया।

# जेकेएलयू की कन्वोकेशन सेरेमनी 23 नवंबर को : भव्य समारोह में होगा डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के बारहवें कन्वोकेशन एवं फाउंडर्स डे सेरेमनी का आयोजन 23 नवंबर को किया जाएगा। यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित होने कन्वोकेशन सेरेमनी के भव्य आयोजन के दौरान स्टूडेंट्स को डिग्री एवं गोल्ड मेडल वितरित किए जायेंगे।

आयोजन में डिजाइन, मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को यह डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन किया जाएगा। आयोजन में देशभर से करीब 1000 से अधिक लोग शामिल होंगे, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों नामचीन हस्तियों के साथ ही स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और फैकल्टी शामिल होंगी। इस अवसर यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स की ओर से शाम को कल्चरल प्रोग्राम की प्रस्तुति के साथ ही एलुमिनी मीट का आयोजन भी किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के ऑफिशिएटिंग रजिस्टार केके माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समूह के बोर्ड सदस्यों के साथ ही विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित होंगे जो छात्रों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही उनके प्रगति पथ को प्रशस्त करने के राह सुझाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी की वर्षभर की उपलब्धियों एवं स्टूडेंट्स के संबंधित विभिन्न डाटा एवं आगामी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

# जस्टिस एनके जैन फाउंडेशन में श्याम विजय को मानव सेवा के लिए सम्मानित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जस्टिस एनके जैन फाउंडेशन में 108 विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिनमें परमार्थ और आध्यात्मिक समिति जयपुर के अध्यक्ष श्री श्याम विजय को भी सम्मानित किया गया। श्री श्याम विजय पिछले 15 वर्षों से मानव सेवा और प्राणियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्यों में अस्पतालों में डेढ़ हजार मरीजों के सहायकों के लिए भोजन वितरण, मरीजों को खिचड़ी वितरण, सर्व समाज के जरूरतमंदों के



लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन, पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था, गौशाला में गौ माता के लिए हरे चारे की व्यवस्था आदि शामिल हैं। श्याम जी ने कहा, यह सम्मान मेरी पूरी टीम के लिए जाता है।

# एंजेल को मिला वरदान : सिलियक डिजीज से हुई पूर्णतया मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गंगवाल होम्योपैथी रिसर्च हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ डी. एल. गंगवाल ने गंभीर सिलियक बीमारी से जूझ रहे मरीज को पूर्णतया ठीक करने में सफलता प्राप्त की है। पानीपत हरियाणा की रहने वाली एंजेल शर्मा का गेंहूँ से एलर्जी सिलियक बीमारी का करीब तीन साल होम्योपैथी पद्धति से इलाज किया गया। डॉ. गंगवाल ने बताया कि मरीज का टीटीजी लेवल अब पूरी तरह स्थिर बना हुआ है और अब वे गेहूं की रोटी खा रही है, एवं स्वस्थ है। एंजेल के माता-पिता ने उनकी मेडिसिन्स बंद होने की खुशी में डॉ गंगवाल को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। गंगवाल बताते है कि एंजेल का टीटीजी लेवल 100 से ज़्यादा था और अब लेवल नार्मल है। गंगवाल ने बताया कि



समय रहते यदि सिलियक का इलाज होम्योपैथी पद्धति से शुरू कर लिया जाए तो इससे पूर्णतया मुक्ति संभव है। गौरतलब है गंगवाल पूरे भारत में 10 से ज़्यादा सेंटर्स पर अपनी सेवाएं दे रहे है एवं होम्योपैथी पद्धति से हजारों की संख्या में मरीजों को ठीक कर चुके है। डॉ गंगवाल एक मात्र डॉक्टर है जो सेलियक डिजीस यानी गेंहूँ से एलर्ज़ी का पूरे देश में का इलाज कर रहे है।

# एजीटीएफ ने लूट-डकैती और नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाली गैंग के सरगना को उत्तरप्रदेश से पकड़ा

## राजस्थान के नागौर एवं बिहार के सीतामढ़ी जिले में दर्ज है एक दर्जन आपराधिक प्रकरण

बढ़ता राजस्थान

- आरोपित पर घोषित था पच्चीस हजार का इनाम
- डकैती के मामले में आठ साल से चल रहा था वांछित

**जयपुर (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों की नोक पर लूट-डकैती और नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाले कुख्यात अन्तर्राज्यीय गिरोह के सरगना घनश्याम उर्फ श्याम बावरी (67) निवासी कादर चौक जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) को पकड़ा है। गिरफ्तार बदमाश डकैती के आठ साल पुराने मामले में पच्चीस हजार का इनामी है। जिसे टीम ने उसके गांव से दस्तयाब कर थाना गोठन नागौर को सुपुर्द कर दिया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ और अपराध ) दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर घनश्याम उर्फ श्याम बावरी और इसके साथियों ने साल 2016 में गोठन थाना क्षेत्र के जाटान इंदौकियावास में सशस्त्र डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इनके द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला व पुरुष गंभीर घायल हो गए थे। मामले में गिरफ्तार सरगना घटना के वक्त से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए नागौर पुलिस द्वारा पच्चीस हजार का इनाम घोषित कर रखा है। एडीजी एमएन ने बताया कि एजीटीएफ लंबे समय से अपनी पहचान छुपाते हुए संगठित गिरोह के सरगना एवं सदस्यों के संबंध में आसूचना संकलन कर रही थी। वहीं बावरिया गिरोह का सरगना घनश्याम उर्फ श्याम बावरी पिछले आठ सालों से पुलिस को चकमा देकर अलग-अलग स्थानों पर फरारी काट रहा था। आपराधिक गिरोहों के बारे में जानकारी जुटा रही टीम को आसूचना संकलन के दौरान टीम को इसके गांव में ही होने की पुख्ता सूचना मिली। इस पर स्थानीय पुलिस को साथ ले टीम ने गांव में दबिश देकर बड़ी मुश्किल से इस पर काबू पाया। जिसे राजस्थान लाकर टीम ने अग्रिम कार्रवाई के लिए गोठन पुलिस को सौंप दिया गया है।

**लूट-डकैती, नकबजनी के एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज :** आरोपित घनश्याम उर्फ श्याम बावरी अन्तर्राज्यीय बावरिया गिरोह का सरगना है। इसके विरुद्ध नागौर जिले के इसके विरुद्ध नागौर जिले के थाना गोठन, मेड़ता सिटी एवं बिहार के सीतामढ़ी जिले के विभिन्न स्थानों में लूट, डकैती, नकबजनी के अलावा हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के ग्यारह मुकदमे दर्ज हैं। गोठन पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसमें फरारी के दौरान की गई वारदातों का खुलासा हो सकता है।



**दिन में कपड़े की फेरी लगाकर करते हैं रेकी :** इनका गिरोह दिन में कपड़े बेचने के बहाने फेरी लगाकर मकान एवं दुकानों की रेकी कर चिन्हित करते। रात के समय अवैध हथियारों के साथ धावा बोल वारदात को अंजाम देते हैं। विरोध करने पर ये फायरिंग कर डरा धमका कर गंभीर तरीके से मारपीट किया करते हैं। इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, एएसआई दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह एवं महेंद्र सिंह की विशेष भूमिका तथा कांस्टेबल संजय का तकनीकी सहयोग रहा।

# आंधी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार हादसा, तीन युवकों की मौत

## पिकअप और स्कूटी की जोरदार टक्कर में तीन की जान गई, इलाके में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर ग्रामीणों का रोष, सरकार से हाईवे को फोरलाइन करने की मांग

बढ़ता राजस्थान





**जमवारामगढ़( रतनलालगुर्जर )।** आंधी थाना क्षेत्र में दौसा-मनोहरपुर राजमार्ग पर थाना मोड़ के समीप थली पुलिया की ढलान पर बुधवार को एक बार तीन जिंदगियां रफ्तार की भेंट चढ़ गई। बीते एक पखवाड़े में इस पुलिया की ढलान पर यह दूसरा सड़क हादसा है। इससे पूर्व 6 नवम्बर को भी इसी पुलिया के समीप तेज रफ्तार पिंक अप की टक्कर से दो युवकों की मौत हो चुकी है। बीते दिनों में इस पुलिस के आसपास हुए हादसों का ग्राफ देखकर यह अब किलर पाइंट साबित होता जा रहा है। पुलिस एवं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थाना क्षेत्र से गुजर रहे दौसा-मनोहरपुर राजमार्ग पर थाना मोड़ के पास फ्लाई ओवर पर दौसा की तरफ से महंगी रिश्तेदारी में जा रहे स्कूटी सवार युवकों व मनोहरपुर की तरफ से गाजर लेकर आ रही पिकअप मे टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की स्कूटी सवार तीनों युवक लगभग 35 फीट दूर जाकर गिरे तथा एक युवक फ्लाई ओवर की रेलिंग के ऊपर से उछलते हुए नीचे जा गिरा। धमाके की आवाज सुन मौके पर बचाव के लिए लोगों को भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी।तब एम्बुलेंस के पहुंचने तक ही दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया व फ्लाईओवर के नीचे गिरे एक युवक की सांसे रुक रुक कर चल रही थी ग्रामीणों ने युवक को सीपीआर दी लेकिन कुछ मिनट बाद ही उसने भी दम तोड़ दिया।

### 15 मिनट मे पहुंची एंबुलेंस

15 मिनट मे पहुंची एंबुलेंस व पुलिस ने तीनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच करते हुए तीनों को मृत घोषित कर दिया। रात्री का समय होने के कारण तीनों के शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंधी की मोर्चरी में रखवाये गए हैं। जिनका गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस की सूचना पर तअस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। टक्कर मारने के बाद पिंक अप चालक पिक अप को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पिक अप को जप्त कर लिया।

### इनकी हुई मौत

हादसे में स्कूटी पर सवार दिलराज पुत्र गिरिराज मीणा उम्र 25 साल,रणवीर पुत्र भजन लाल मीणा उम्र 22 साल दोनों निवासी रोहड़ा कला दौसा व विष्णु पुत्र पप्पू मीणा उम्र 27 साल निवासी बड़वा (बस्सी)की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दिलराज व विष्णु मीणा आपस में मामा बुआ के लड़के थे व रणवीर दिलराज का दोस्त व पड़ोसी था। मृतक दिलराज के पिता की भी सड़क दुर्घटना में लगभग 10 साल पहले मौत हो चुकी है दिलराज के बड़े भाई कुलदीप का विवाह हाल ही में 12 नवंबर को ही हुआ था । वहीं मृतक रणबीर के पिता टेंपो चलाकर परिवार का जीवन यापन करते हैं व रणवीर परिवार में अकेला था, रणवीर के दो बहने हैं रणवीर अभी अविवाहित था। उधर बड़वा निवासी मृतक विष्णु का बड़ा भाई महेंद्र चाय की दुकान चलाकर परिवार का जीवन यापन करता है तथा विष्णु शादीशुदा है उसके एक छोटी बच्ची भी है। तीनों के परिवार की दयनीय स्थिति है। दुर्घटना के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने इस राजमार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को अति शीघ्र दौसा -मनोहरपुर हाईवे को फोर लाइन करना चाहिए,जिससे हो रही दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

## विराग मालती ने जनता के विशेष आग्रह पर रूक कर मधुर आवाज में नाकोड़ा भैरव की भजन संध्या में दी भजनों की प्रस्तुति



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( नि.स. )।** नवी मुबंई से नाकोड़ा भैरव की 1300 किमी. की पदयात्रा के लिये निकले इंजि. विराग मधु मालती ने जनता के विशेष आग्रह पर रूक कर श्री नाकोडा पार्श्व भैरव कृपा मंदिर पर एक शाम श्री नाकोडा पार्श्व भैरव देव के नाम भक्ति संध्या मे आपनी मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी,जिस पर जनता नाच उठी। राकेश धनावत ने बताया कि नवीं मुम्बई से नाकोडा जी तीर्थ लगभग 1300 किमी. की पैदल यात्रा पर निकले 'श्री विराग मधु मालती वानखेडे' ने अपनी सुमधुर आवाज़ से प्रभु भक्ति कर सभी को आनंदित कर दिया। विराग मालती इससे पहले भी 5 बार गिनिज बुक ओफ़ वर्ल्ड रिकार्ड मे अपना नाम दर्ज करवा कर आज 24 घंटे में 111.11 किमी. की यात्रा ('शामला जी से काया जैन तीर्थ उदयपुर') कर छ्ठी बार गिनिज बुक ओफ़ वर्ल्ड रिकार्ड मे अपना नाम दर्ज करवा दिया। मन्दिर के श्रीपाल मुणेत ने बताया कि विराग मधु मालती' जी ने भजन संध्या मे एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तो को नाचने पर मजबूर कर दिया। 21 नवम्बर को लेकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और 22 नवम्बर को आयड़ जैन मन्दिर में विराग मालती नाकोड़ा जी की भक्ति संध्या में भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# सिलेंडरों की अवैध रिफलिंग की जांच करें : सिंघवी

## संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने किया जिला रसद अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण, व्यवस्थाएं देखीं

बढ़ता राजस्थान

### योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी, दिए निर्देश



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी बुधवार को चूरू दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने चूरू जिला मुख्यालय स्थित जिला रसीद अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। सिंघवी ने कहा कि सिलेण्डरों की अवैध रिफलिंग की जांच करें तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। अवैध सिलेण्डरों की जब्ती करें। जिला रसद अधिकारी कार्यालय की टीम नियमित तौर पर निरीक्षण करें। सिलेण्डरों की अवैध रिफलिंग से हानि के दृष्टिगत अवांछित गतिविधियों पर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों को टाइमलाइन निर्धारित कर समयबद्ध ढंग से पूरा करें। इसी के साथ टीम को प्रबंध करते हुए अपेक्षित प्रगति लाएं। टीम को प्रबंधित करते हुए नियमित फील्ड निरीक्षण करें। राशन वितरण में डीलरवार समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि ई- केवाईसी कार्य यथाशीघ्र पूरे किए जाएं तथा एलपीजी मैपिंग का कार्य एवं आधार सीडिंग का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। संभागीय आयुक्त सिंघवी ने कार्यालय में रिकॉर्ड रूम, स्टाफ कक्ष, ऑफिसर चैंबर सहित व्यवस्थाएं देखीं तथा सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्यालय में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें। यह हमारा कार्यस्थल है। कार्यस्थल को पूजा स्थल की तरह साफ- सुथरा रखें। स्वच्छता को आदतों में शामिल करें। यह हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी नियमित समय पर कार्यालय आए तथा कार्यालय व्यवस्थाओं का समुचित संचालन करें। संभागीय आयुक्त सिंघवी ने एडीएम अर्पिता सोनी को रेंडम तौर पर विभागीय गतिविधियों के निरीक्षण करवाने व कार्यालयों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने राशन वितरण, जिला कार्यालय द्वारा निरीक्षण, योजनाओं में प्रगति, एससीएम पोर्टल, उज्ज्वला योजना, ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों की राशन कार्ड मैपिंग, एनएफएसए के पेंडिंग आवेदनों सहित बिंदुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। डीएसओ सुरेंद्र महला ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, डीएसओ सुरेंद्र महला, एपीआरओ मनीष कुमार, प्रवर्तन निरीक्षक कृष्ण कुमार, मनीष, सुभाष सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याओं का हुआ समाधान

### बिंचौली में आयोजित हुआ रात्रि चौपाल कायक्रम, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती सुमन पंवार की अध्यक्षता



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिले में आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु दिनांक ग्राम पंचायत बिलौंची में श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय चतुर्थ श्रीमती सुमन पंवार की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलक्टर की मौजूदगी में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में आम नागरिकों को जानकारी प्रदान की, जिससे इन योजनाओं से अधिकाधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सकें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 35 परिवाद (10 राजस्व, 08 पंचायतीराज, 04 विद्युत विभाग, 13 अन्य) प्राप्त हुये। उक्त परिवादों में से अधिकतर परिवादो का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष परिवादो के लिये अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ ने 3 दिवस में निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये। रात्रि चौपाल के अंत में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों ने स्वच्छता की शपथ ली।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई यातायात प्रबंधन समिति की बैठक

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला कलक्ट्रेट में बुधवार को जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनेज को हटाकर नये साइनेज लगाने के निर्देश दिये गए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर जारी फ्लाईओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, तेज गति से वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गए।

## इनरव्हील दिवास ने मीरा गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को स्किन और बालों की देखभाल के गुण सिखायें

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर( नि.स. )।** इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दिवास ने बदलते मौसम और शादियों के सीजन को ध्यान में रखते हुए (कार्यालय राजकीय महा' 'विद्यालय स्तरीय कन्या' 'छात्रावास) मींरा गर्ल्स कॉलेज के हॉस्टल की छात्राओं को स्किन और बालों की देखभाल पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। क्लब प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब की सदस्य हेमलता साहू के हनी सैलून एंड मेकअप स्टूडियो और उनकी टीम ने छात्राओं को स्किन और बालों की देखभाल के लिए आवश्यक घरेलू टिप्स और तकनीकें सिखाई तथा अलग अलग तरह की हेयर स्टाइल बनाना भी सिखाया और साथ ही सभी को रोस हेयर पिन भी वितरित की गई। उन्होंने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करके महिलाओं को सुंदर और आकर्षक दिखने के लिए प्रेरित किया। फाउंडर रेखा भाणावत ने कहा कि दिवास की यह पहल महिलाओं को स्वास्थ्य और सुंदरता के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर आशा श्रीमाली, समीक्षा खण्डेलवाल, शशि मेहता, ललिता बापना, अंजना दुग्गड, अनीता कोठारी, रिंकू डागलिया, सुशी पालीवाल, सुनीता बोकडिया, अनीता जैन, आशा नवेडिया, लीना पटेल ,ज्योति साहू ,प्रमिला कोठारी, जागृति रवानी,सरोज मेहता, मौजूद रहीं।

## ऐश्वर्या कॉलेज में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( नि.स. )।** लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा ऐश्वर्या कॉलेज में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक और तकनीकी कौशल प्रदान करना था, जो उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हो। कार्यक्रम में एमएसएमई केंद्र उदयपुर से मुख्य वक्ता श्री गणेश और उनकी टीम उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को आधुनिक तकनीक, उद्यमिता, और व्यावसायिक रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया। विशेष रूप से डिजिटल मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और नई तकनीकों के उपयोग पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर व्यवसाय में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने छात्रों को स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। ऐश्वर्या पीजी कॉलेज कि प्राचार्य डॉ. ऋतु पालीवाल ने एमएसएमई का आभार व्यक्त करते हुए कहा, कौशल विकास कार्यक्रम हमारे छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे उन्हें उद्योगों की मांग के अनुसार तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा रक्षिता जैन तथा धन्यवाद ज्ञापन खुश सोनी द्वारा दिया गया।

### युवा महोत्सव 2024 के लिए पंजीकरण प्रारम्भ

## युवा महोत्सव से निखरेगी सांस्कृतिक एवं कलात्मक क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं की प्रतिभा, जिले में आयोजन हेतु कमेटी गठित

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार की ओर राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज पर ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य युवा महोत्सव के आयोजन हेतु 15 से 29 वर्ष के इच्छुक युवा युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर युवा महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। जिला युवा अधिकारी डॉ मंगल जाखड़ ने बताया कि इस वर्ष युवा महोत्सव के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी थीम पर आधारित डिजिटल मेले का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नवाचार एवं रचनात्मक कार्यों में रुचि रखने वाले युवा अपने विजन को महोत्सव के दौरान प्रदर्शित कर पाएंगे। इसी के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल एवं सामूहिक लोक गायन, लोक नृत्य तथा साहित्य एवं जीवन कौशल में कविता पठन, कहानी लेखन, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। युवा कृति के अंतर्गत हैंडीक्राफ्ट एवं हस्त निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। दुर्लभ व परंपरागत लुप्त कला एवं संस्कृति जैसे फड़, रावण हत्था, अलगोजा, कठपुतली, आदि को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने हेतु स्थानीय युवाओं को सम्मिलित किया जाएगा । उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के प्रथम चरण में प्रत्येक ब्लॉक पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न एकल एवं सामूहिक प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष के कोई भी अध्यनरत या गैर अध्यनरत युवा भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु युवा राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट या अपनी एसएसओ आईडी से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। जाखड़ ने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर विजेताओं को नगद पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति- पत्र एवं मेमेंटो भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर विजेता रहे युवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### जिला एवं ब्लॉक स्तरीय आयोज हेतु कमेटी गठित

जाखड़ ने बताया कि जिला स्तर की आयोजन हेतु जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है। कमेटी में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी स्काउट एंड गाइड शामिल है। इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर आयोजन हेतु उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई हैं।

## समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर( नि.स. )।** स्वामी शरणम् शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित एस. एस. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन, झामर कोटड़ा रोड़, उमरड़ा, उदयपुर में पॉच दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा नराणिया ने कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए बताया कि छात्राध्यापिकाओं के ज्ञान के साथ पर्यावरण और सामाजिकता सीखाने, एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझने, उनमे आत्मविश्वास, लचीलापन और उपलब्धि की भावना विकसित करने तथा उनकी कौशल क्षमताओं को उजागर करने के उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में पॉच दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर प्रारम्भ हुआ। शिविर के प्रथम दिन पोस्टर प्रतियोगिता एवं वेस्ट टू बेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम दीपमाला कटारा एवं खुशी कुमारी द्वितीय चेतन्या देवड़ा, तनुश्री भावसार एवं तृतीय स्थान पर कविता डोडियार, भारती चरपोटा, पूजा कुमारी मीणा एवं मनिषा ननोमा रही।

## सम्पादकीय

# अब मंत्री-विधायक भी हिंसा की चपेट में, मणिपुर में फिर भड़की आग

पिछले वर्ष मई महीने में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने के सवाल पर दो समुदायों के बीच जिस हिंसक टकराव की शुरुआत हुई थी, उसमें अब तक सवा दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राज्य सरकार की पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ-साथ सेना तक ने वहां मोर्चा संभाला। सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार की ओर से शांति कायम करने के लिए कई स्तर पर कवायदें हुईं। मगर हालत यहां तक पहुंच गई है कि अराजकता पर काबू पाना तो दूर, अब मंत्री-विधायकों के घर भी हिंसा की आग का शिकार होने लगे हैं। कहने को शांति कायम करने के मकसद से दोनों पक्षों के बीच बातचीत की प्रक्रिया शुरू कराने का दावा कई बार किया गया, लेकिन आज भी वहां जिस तरह लोगों के घरों पर हमले किए जा रहे हैं, उसमें किसी की हत्या कर दी जा रही है, उससे साफ है कि सरकार की कोशिशें या तो बेमन से की गईं या फिर उसके पीछे कोई स्पष्ट दृष्टि और इच्छाशक्ति नहीं थी।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के डेढ़ वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं, मगर आज भी वहां अराजकता बेलगाम और सरकार लाचार खड़ी दिखती है। आखिर क्या वजह है कि हर कुछ रोज बाद हिंसा की बड़ी घटनाएं एक तरह से सरकार के सामने चुनौती देती हुई लग रही हैं और उस पर काबू पाने में वहां का प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। कुछ दिन पहले वहां गंभीर हिंसक घटनाओं का नया दौर फिर से शुरू हो गया है और आम लोगों की जान जा रही है। हाल ही में एक महिला की हत्या करके उसका घर जला दिया गया था। उसके बाद एक अन्य शिविर से छह लोग लापता हो गए। बाद में उनके शव मिलने की खबरें आईं। अब स्थानीय लोगों के बीच सरकार की इस व्यापक नाकामी के खिलाफ गुस्सा भड़क गया है और इस तरह हिंसा का दायरा अब और फैलता जा रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां कुछ लोगों ने अब विधायकों और मंत्रियों के घरों में आग लगाना शुरू कर दिया है। शनिवार और रविवार को कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर लोगों की भीड़ ने हमला किया, आग लगा दी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की। यह समझना मुश्किल नहीं है कि कुकी और मैतेई समुदायों के बीच लंबे समय से चल रही हिंसा के बाद अब लोगों का गुस्सा सरकार खिलाफ भड़क रहा है और नेता भी हमलों के निशाने बनने लगे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी हाल में उचित नहीं मानी जा सकती, मगर ताजा हिंसा से यही लगता है कि इसमें शामिल दोनों समुदाय अब शायद इससे ऊब रहे हैं और उनका आक्रोश सरकार और राजनीतिक तबके के खिलाफ फूट रहा है। सवाल है कि किसी भी सरकार को अपना समूचा सुरक्षा तंत्र झोंकने के बाद हिंसक घटनाओं पर काबू पाने में कितना वक्त लगना चाहिए? हैरानी की बात यह है कि अब भी सरकार एक तरह से 'सब कुछ सामान्य होने' की मुद्रा में बेफिक्र दिख रही है। वरना क्या कारण है कि राज्य में गृह युद्ध की हालत लंबे वक्त से कायम है, लेकिन केंद्र की ओर से भी राज्य सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# कृत्रिम बुद्धि का बढ़ता प्रभाव

**नई तकनीकों का उपयोग करने वाले अभिनव उत्पाद और सेवाएं सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में हलचल मचाने लगी हैं। परिणामस्वरूप, पारंपरिक कौशल को मजबूत करने और आधुनिक तकनीकी कौशल जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप विकास, ट्राई- ऑन सेवाओं के लिए संवर्धित वास्तविकता, डेटा एनालिटिक्स और उन्नत ग्राहक जुड़ाव रणनीतियों के साथ संयोजित करने की आवश्यकता है। एआई ने सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, खासकर जब अनुकूलन और वैयक्तिकरण की मांग बढ़ी है।**

विजय गर्ग

यह प्रवृत्ति विविध ग्राहक वरीयताओं, जीवन शैली, शरीर के प्रकार और आनुवंशिक कारकों को दर्शाती है। माइक्रोसाफ्ट टीमों के लिए मेवेलिन केएआई संचालित मेकअप फ़िल्टर के बारे में हाल ही में आई खबरों ने सौंदर्य क्षेत्र में एआई की भूमिका पर चर्चाओं को फिर से हवा दे दी है। यह पता लगाना महत्वपूर्ण है। कि एआई किस तरह से उद्योग को बदल रहा है और नवीनतम विकास पर अपडेट रहना चाहिए। 2020 में एआई का उपयोग करने वाले वैश्विक सौंदर्य उद्योग का मूल्य 216.12 मिलियन था और 2027 तक 1.26 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। एक उद्योग रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2027 तक सौंदर्य क्षेत्र में एआई की वार्षिक वृद्धि दर 33.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

कई प्रयोगशालाओं ने एआई- संचालित त्वचा परामर्श उपकरण विकसित किए हैं जो त्वचा की उम्र बढ़ने का विश्लेषण करने के लिए संवर्धित वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत करते हैं। ये उपकरण उम्र बढ़ने के संकेतों की पहचान कर सकते हैं और त्वचा की मजबूती का आकलन कर सकते हैं, जिससे आगे की गिरावट को रोकने के लिए अनुरूप त्वचा देखभाल सिफारिशें मिल सकती हैं। उनके एल्गोरिदम 10,000 छवियों और 15 वर्षों की त्वचाविज्ञान विशेषज्ञता पर आधारित हैं। उपयोगकर्ता एक सेल्फी ले सकते हैं और अपनी त्वचा की स्थिति का अनुमान लगाने के लिए अपनी उम्र और त्वचा का प्रकार प्रदान कर सकते हैं और साथ ही एक व्यक्तिगत विश्लेषण भी प्राप्त कर सकते हैं। फिर उन्हें अनुकूलित त्वचा देखभाल नुस्खे प्राप्त होंगे। एआई त्वचा की स्थितियों का विश्लेषण करने, व्यक्तिगत त्वचा देखभाल और स्वास्थ्य दिनचर्या की सिफारिश करने और यहां तक कि रुझानों की भविष्यवाणी करने में सहायता करता है, जिससे अंततः उत्पाद विकास और ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होती है। मुहांसे दुनिया भर में एक आम समस्या है, जो 80 प्रतिशत किशोरों और 40 प्रतिशत वयस्कों को प्रभावित करती है। एआई के साथ, विभिन्न जातीय त्वचा प्रकारों का प्रतिनिधित्व करने वाली 6,000 छवियों का एक डेटाबेस, मुहांसे से पीड़ित लोगों के लिए सटीक विश्लेषण और व्यक्तिगत नियमित अनुशंसाओं को सक्षम बनाता है। यह अभूतपूर्व एआई तकनीक वास्तविक त्वचा विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन की गई 10,000 प्रामाणिक छवियों की लाइब्रेरी से आकर्षित होती है, जो आठ नैदानिक मापदंडों और त्वचा के विभिन्न प्रकारों में लगभग 97 प्रतिशत की सटीकता दर प्राप्त करती है।

लगातार विकसित हो रहे सौंदर्य और कल्याण उद्योग में, जहां नवाचार आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है, एआई पहले से कहीं अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत उत्पाद निर्माण बनाने में एक शक्तिशाली सहयोगी बन गया है। अपने विविध अनुप्रयोगों और क्षमताओं का लाभ उठाकर एआई एक क्रांति ला रहा है जो सौंदर्य और कल्याण उत्पादों के विकास, व्यक्तिगतकरण और विपणन के तरीके को बदल रहा है। ट्रेंड स्पॉटिंग से लेकर सटीक




उत्पाद निर्माण तक, एआई सौंदर्य उद्योग को रोमांचक और अभूतपूर्व तरीकों से नया रूप दे रहा है। निर्माण प्रक्रिया में एआई को एकीकृत करने से उत्पाद की प्रभावशीलता भी सुनिश्चित हो सकती है। एआई एल्गोरिदम यह अनुकरण कर सकते हैं कि त्वचा द्वारा अवयवों को कैसे अवशोषित और चयापचय किया जाता है, संभावित अवांछित अंतः क्रियाओं या दुष्प्रभावों की पहचान करते हुए ।

यह दृष्टिकोण नए उत्पादों को बाजार में लाने से जुड़े जोखिमों को कम करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता अपनी भलाई से समझौता किए बिना इष्टतम परिणाम करें। परंपरागत रूप से, स्किनकेयर उत्पादों को एक ही आकार- फिट- सभी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है, जो अक्सर व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की अनूठी जरूरतों को पूरा करने में विफल रहता है। एआई त्वचा के प्रकार, आयु, पर्यावरणीय कारकों और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं सहित विभिन्न डेटा बिंदुओं का विश्लेषण करके इस पद्धति को बदलता है।

- संचालित उपकरणों का उपयोग करके, ब्रांड प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित स्किनकेयर उत्पाद बना सकते हैं। उदाहरण के लिए एआई एल्गोरिदम फ़ोटो और प्रश्नावली के माध्यम से उपयोगकर्ता की त्वचा की स्थिति का आकलन कर सकते हैं, सक्रिय अवयवों की विशेष सांद्रता वाले उत्पादों की सिफारिश या निर्माण कर सकते हैं जो व्यक्तिगत त्वचा संबंधी चिंताओं को संबोधित करते हैं। इसके अतिरिक्त, एआई आणविक संरचनाओं का विश्लेषण करके यह अनुमान लगा सकता है कि नए यौगिक मानव त्वचा के साथ कैसे बातचीत करेंगे, जिससे पारंपरिक परीक्षण और त्रुटि विधियों के समय और लागत में काफी कमी आएगी।

एआई सिस्टम प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के अनुरूप उपयुक्त सामग्री, उत्पाद और स्किनकेयर रूटीन की सिफारिश करता है। यह ब्रांडेड उत्पादों का सुझाव भी दे सकता है जो सौंदर्य और कल्याण उद्योग में विशिष्ट स्थितियों को संबोधित करते हैं, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्राहक की प्राथमिकताओं से गहराई से जुड़ना है। जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती जा रही है, यह ऐसे समाधानों का वादा करती है जो भविष्य में दिखावट और सेहत दोनों को बढ़ाएंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि आपका डेटा निजी रहता है; इसे संग्रहीत नहीं किया जाता है और केवल आप ही परिणाम देख सकते हैं जब तक कि आप अपनी जानकारी दूसरों के साथ साझा नहीं करना चुनते। सौंदर्य और कल्याण उद्योग में सफलता के लिए एक व्यक्तिगत अनुभव महत्वपूर्ण है। एआई तकनीक प्रत्येक ग्राहक की अनूठी प्राथमिकताओं की पहचान करने और उनकी व्यक्तिगत जरूरतों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ रही है, सौंदर्य कंपनियों से ऐसी अभिनव सेवाएँ शुरू करने की अपेक्षा की जाती है जो ग्राहकों के साथ संपर्क को बढ़ाएँ और सौंदर्य बाज़ार के वैश्विक विकास में योगदान दें। इन तकनीकी प्रगति के साथ-साथ ऑनलाइन सेवाएँ तेज़ी से विकसित रही हैं। वेबसाइट, आकर्षक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस का महत्व बढ़ रहा है। सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल क्षेत्र में ऑनलाइन राजस्व का हिस्सा, जो 2017 में लगभग 4.6 प्रतिशत था, 2025 तक बढ़कर 18.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। सौंदर्य और कल्याण उद्योग का भविष्य एक ऐसे सर्वव्यापी अनुभव पर निर्भर करेगा जो ऑनलाइन और ऑफ़लाइन इंटरैक्शन को सहजता से एकीकृत करता है, उपभोक्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजिटल उपकरणों की एक श्रृंखला का उपयोग करता है। ब्यूटी रिटेल में वर्चुअल ट्राई- ऑन और परामर्श मानक बन गए हैं; हालाँकि, मानवीय कनेक्शन को दोहराना एक चुनौती बनी हुई है। ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्ति और मुझे दिखाओ कैसे सामग्री लोकप्रियता प्राप्त कर रही है क्योंकि उपभोक्ता उन सेवाओं में महारत हासिल करना सीख रहे हैं जो वे पहले पेशेवरों से चाहते थे।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है राजस्थान पुलिस में अपनी सेवाएं देने वाले भारतीय पुलिस सेवा के शानदार व जानदार अधिकारी अंशुमन भोमिया जी। 4 जनवरी सन 1977 को जयपुर में जन्में अंशुमन भोमिया सन शानदार व्यक्तित्व और अपनी कार्यशैली के लिए जाने जाते रहे हैं। अनेकों जिलों में टाईगर रह कर अपराधियों पर शिकंजा कस आमजन को राहत पहुँचाने का दूसरा नाम अंशुमन भोमिया है। फिलहाल भोमिया महानिरीक्षक पुलिस पुलिस मुख्यालय, जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये महानिरीक्षक पुलिस, आतंकवाद निरोधक दस्ता एटीएस, जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, आतंकवाद निरोधक दस्ता एटीएस जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, यातायातए पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर। पुलिस अधीक्षक इन्टेलिजेन्स, जयपुर। पुलिस अधीक्षक सीआईडी सीबी जयपुर। पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर कोटा। पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर उत्तर पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस अधीक्षक दौसा। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी इंटेलिजेंस जयपुर। पुलिस अधीक्षक भरतपुर। पुलिस अधीक्षक, सवाईमाधोपुर। पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर। पुलिस अधीक्षक, एटीएस जयपुर। सहायक अधीक्षक पुलिस विभाग, चतुर्थ सर्किल कोटा शहर कोटा। सहायक अधीक्षक पुलिस, सर्कल कोटा शहर पश्चिम कोटा। श्रीगंगानगर में जिला प्रशिक्षण के तहत। आरपीए जयपुर में प्रशिक्षणाधीन। एसवीपी राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण के तहत रहे। शानदार अधिकारी है भोमिया जी। जहां भी रहे अपनी कार्यशैली के नाम से जाने गए। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री अंशुमन भोमिया (आईपीएस)
आईजी, पीएचक्यू जयपुर

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### महत्वपूर्ण घटनाचक्र

**1906:** चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।

**1921:** प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बांबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।

**1947:** आजादी के बाद देश में पहली बार डाक टिकट जारी किया गया।

**1956:** शिक्षक दिवस के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

1962: भारत-चीन सीमा विवाद के दौरान चीन ने संघर्ष विराम का ऐलान किया।

**1963:** केरल के थुंबा क्षेत्र से रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू हुआ।

**1979:** मक्का में काबा मस्जिद पर मुस्लिम उग्रवादियों का अधिकार।

**1999:** चीन ने अपने प्रथम मानव रहित अंतरिक्ष यान शेनझू का प्रक्षेपण किया।

**2001:** संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में अंतरिम प्रशासन के गठन का प्रस्ताव रखा।

**2002:** मुस्लिम लीग (कायदे आजम) के नेता जफरउल्ला खान जमाली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री निर्वाचित।

**2005:** श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने पूर्व प्रधानमंत्री रत्नसिरी विक्रमनायके को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।

**2006:** भारत और चीन ने नागरिक परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में साझा सहयोग बढ़ाने का फैसला किया।

**2007:** पैप्सिको चैयरमैन इंदिरा नूई को अमेरिकी इंडियन बिजनेस काउंसिल के निदेशक मंडल में शामिल किया गया।

**2017=** करीब 37 साल तक जिम्बाब्वे पर शासन करने वाले रॉबर्ट मुगाबे का इस्तीफा।

### जन्म

**1899:** आधुनिक ओडिशा के निर्माता हरे कृष्ण मेहताब।

**1908:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नरेशचंद्र सिंह।

**1914:** भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारी उज्ज्वला मजूमदार।

**1931:** हिन्दी के प्रमुख और प्रखर कथाकार ज्ञानरंजन।

**1941:** गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल।

**2002:** भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान नवीन मलिक।

### निधन

**1517:** दिल्ली का सुल्तान सिकंदर शाह लोदी।

**1970:** भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रामन।

**2021:** प्रसिद्ध पंजाबी गायिका गुरमीत बावा।

### दिवस

विश्व दूरदर्शन दिवस

दूरदर्शन
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विशेष आलेख

# संयुक्त राष्ट्र ज़लवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन

## जलवायु संकट से निपटने के लिए भारत का मजबूत पक्ष और सीओपी 29 में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर बढ़ती चिंता

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर अज़रबैजान की राजधानी बाकू में 12 दिवसीय जलवायु सम्मेलन जारी है।11 नवंबर 2024 से शुरू हुए इस सम्मेलन में करीब 200 देशों के हजारों प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।बैठक में जलवायु संकट से निपटने के लिए जरूरी प्रयासों पर चर्चा की जा रही है। इस दौरान भारत ने भी क्लाइमेट चेंज से दुनियाँ कोबचाने के लिए अपना प्लान सामने रखा है। भारत ने विकसित देशों से अपना वादा पूरा करने को कहा है,कि पेरिस समझौते के मुताबिक विकसित देशों को विकासशील देशों के लिए क्लाइमेट फाइनेंस जुटाना चाहिए, इसमें किसी भी तरह का बदलाव नहीं होना चाहिए। विकसित देशों को 2030 तक हर साल कम से कम 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर विकासशील देशों को देने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। भारत ने कहा है कि जिस नए जलवायु वित्त (क्लाइमेट फाइनेंस) पैकेज पर बातचीत की जा रही है,उसे निवेश लक्ष्य नहीं बनाया जा सकता सीओपी 29 में क्लाइमेट फाइनेंस पर समान विचारधारा वाले विकासशील देशों की ओर से बोलते हुए भारत ने इस बात पर जोर दिया कि विकासशील देशों को गर्म होती दुनियाँ से निपटने के लिए दिया जाने वाला ग्रांट, रियायती और नॉन-डेब्ट (बिना कर्ज) सहायता के जरिए मिलना चाहिए।नया क्लाइमेट फाइनेंस पैकेज या नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य इस साल कॉप 29 के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता और विकासशील देशों की उभरती प्राथमिकताओं के अनुसार होना चाहिए, साथ ही यह उन प्रतिबंधात्मक शर्तों से मुक्त होना चाहिए जो डेवलपिंग नेशंस के विकास में बाधा डाल सकती हैं।यह समर्थन ब्राजील के बेलेम में कॉप 30 की ओर बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सभी पक्ष जलवायु संकट से निपटने के लिए अपनी राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं और योगदान का ब्यौरा पेश करें,भारत ने एनसीक्यूओ को निवेश लक्ष्य में बदलने का विरोध करते हुए कहा कि पेरिस समझौते में यह साफ है कि विकसित देश ही क्लाइमेट फाइनेंस जुटाएंगे, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन और उसके पेरिस समझौते के आदेश के बाहर किसी भी नए लक्ष्य को शामिल किया जाना अस्वीकार्य है।हमें पेरिस समझौते और इसके प्रावधानों पर फिर से बातचीत करने की कोई गुंजाइश नहीं दिखती,दरअसल भारत समेत तमाम विकासशील देशों का तर्क है कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन और पेरिस समझौते के तहत, विकसित देशों की जिम्मेदारी है कि वे उनके लिए क्लाइमेट फाइनेंस जुटाएं, लेकिन अब विकसित देश एक वैश्विक निवेश लक्ष्य के लिए जोर दे रहे हैं. जो सरकारों, निजी कंपनियों और निवेशकों सहित विभिन्न स्त्रोतों से फंड जुटाएगा !संकट से फायदा उठाने में जुटे अमीर देश?इस मामले में क्लाइमेट एक्टिविस्ट का कहना है कि क्लाइमेट फाइनेंस को निवेश लक्ष्य में बदलना उन लोगों के साथ धोखा है जो




क्लाइमेट चेंज के चलते संकट का सामना कर रहे हैं उन्होंने कहा कि भारत समेत तमाम विकासशील देशों के लिए यह साफ है कि उन्हें ग्रांट और नॉन डेब्ट के जरिए यह फंड दिए जाने की आवश्यकता है न कि ऐसी निवेश योजनाओं की, जो अमीर देशों को इस संकट से फायदा उठाने दें, जिसे बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही है,इससे कम कुछ भी दोहरा अन्याय है।चूँकि कॉप-29 में करीब 200 देशों के हजारों प्रतिनिधियों द्वारा जलवायु परिवर्तन संकट से निपटनें ज़रूरी प्रयासों पर चर्चा हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जलवायु परिवर्तन की मौसम संबंधी चरम घटनाएं आघात चिंता व तनाव का कारण बनकर युवाओं के दिमाग पर असर की चिंता करना वाज़बी है।

साथियों बात अगर हम विशेषज्ञों द्वारा एक नए दावे की करें तो, शिखर सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने एक नया दावा करके दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार तेजी से हो रहा जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अजरबैजान में विभिन्न देशों के सरकारी प्रतिनिधि एकत्र हुए हैं, जिसमें युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के पड़ने वाले असर को तत्काल प्राथमिकता दिए जाने की मांग की जा रही है।विशेषकर बच्चों और किशोरों के साथ काम करने वाले मनोचिकित्सकों बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि हम उच्च तापमान और आत्मघाती विचारों तथा व्यवहारों के बीच संबंध पर अपने शोध को शिखर सम्मेलन में साझा कर रहेहैं।हमारेहालिया अध्ययन से पता चलता है कि गर्म मौसम में आत्महत्या के विचार और व्यवहार के कारण युवाओं के आपातकालीन विभाग में आने की आशंका अधिक होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य खराब होता जा रहा है।जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की दिशा में अपर्याप्त कार्रवाई के कारण यह समस्या बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन पहले से ही युवाओं केमानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। मौसम संबंधी चरम घटनाएं - जैसे कि 2019 में ऑस्ट्रेलिया की विनाशकारी जंगलों की आग की घटनाएं और उसके बाद तूफान और बाढ़ - इन घटनाओं ने बच्चों की स्कूली शिक्षा को बाधित किया है.

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृष**
सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।

**मिथुन**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**कर्क**
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह**
प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कन्या**
आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

**तुला**
स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

**वृश्चिक**
सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**धनु**
विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**मकर**
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

**मीन**
मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। लेन-देन में लापरवाही न करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# नरेश मीणा से जेल में मिले किरोड़ीलाल

## समरावता में पुलिस कार्रवाई को बताया गलत, कहा- जो मैंने कहा वही सरकार कह रही है

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बुधवार दोपहर 2 बजे थप्पड़कांड विवाद में टोंक जेल में बंद निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा समेत 53 आरोपियों से मुलाकात की। किरोड़ीलाल ने कहा कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दौरान समरावता गांव के पोलिंग बूथ पर वोटिंग के दौरान अधिकारी से मारपीट नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि रात के समय पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई गलत थी। पास में तालाब था, और बड़ी जनहानि हो सकती थी। सरकार इस मामले को लेकर गंभीर है, और निर्दोष लोगों के साथ न्याय होगा। हम बंदियों की जमानत के लिए प्रयास करेंगे। यदि ग्रामीण चाहेंगे, तो इस मामले की न्यायिक जांच भी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के



इस मामले में अब तक कुछ न बोलने पर किरोड़ी ने कहा, मैं बोल रहा हूं, और वही सरकार बोल रही है। किरोड़ी ने बताया कि उन्होंने जेल में बंद निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा और अन्य बंदियों से मुलाकात की है। इन बंदियों ने पुलिस कस्टडी में मारपीट की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत की जाएगी। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस कस्टडी में मारपीट से चोटें आने की बात भी सामने रखी है। किरोड़ी ने यह भी कहा कि गांव में हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी, और अब सिर्फ समरावता नहीं, बल्कि उस क्षेत्र के 28 गांव उनियारा में शामिल होंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट और अन्य नेताओं की ओर से इस मामले की न्यायिक जांच की मांग पर किरोड़ी ने कहा, कांग्रेस नेता बैठ-बैठे बयान दे रहे हैं। उन्हें सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना चाहिए। मेरी तरह यहां आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। उनकी कांग्रेस सरकार में कितने मामलों की न्यायिक जांच हुई है? सरकार समरावता के मामले में जो भी कार्रवाई कर रही है, उसमें किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होगा।

### समरावता गांव में झेलनी पड़ी ग्रामीणों की नाराजगी

जयपुर से किरोड़ीलाल के साथ टोंक आए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म जेल में बंदियों से मिलने नहीं गए। वे टोंक में नेशनल हाईवे 52 पर एक स्थान पर रुक गए थे। बाद में, दोनों मंत्री दोपहर सवा तीन बजे समरावता पहुंचे। वहां पहुंचने पर, दोनों मंत्रियों को ग्रामीणों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने उनसे कहा कि पुलिस ने उनके घरों में घुसकर बेरहमी से पिटाई की है और सरकार से अपील की कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और उन्हें सस्पेंड किया जाए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसंबर को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिले के सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 14 दिसम्बर के स्थान पर 22 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित है। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मीटिंग में उपस्थित सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर, 2024 में विभिन्न न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य एवं प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों के आपसी समझाइश एवं राजीनामा के माध्यम से निस्तारण हेतु उन्हें अधिकाधिक राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवाने के लिए निर्देश प्रदान किए। मीटिंग में नगर परिषद से आयुक्त पंकज कुमार मीणा एवं कनिष्ठ विधि अधिकारी सुनील कुमार नरवाल, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग से सहायक अभियंता विशु शर्मा, नगर विकास न्यास से सहायक अभियंता परमेश्वर जैलिया, आलोक उज्जवल एवं पैनल एडवोकेट अब्दुल हासिब उपस्थित रहे।

# कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पहुंची रणथंबोर, आज वापस जयपुर जाएंगी



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं वायनाड उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा रणथंबोर पहुंची। प्रियंका प्रियंका अपने पति रॉबर्ट वाड्रा, बेटा रेहान, बेटी न मिराया व राबर्ट वाड्रा, वाड्रा की मां मोरिन वाड्रा भी साथ आई हैं। प्रियंका रणथंबोर कार्यक्रम 21 नवंबर को जयपुर जाएंगी। पहले उनका 22 तक रूकने का कार्यक्रम था। सूत्रों के अनुसार प्रियंका वाड्रा पांच सितारा होटल शेर बाघ होटल में अपने परिवार के साथ रुकी हुई है। होटल पहुंचने पर प्रियंका गांधी का होटल प्रशासन ने भारतीय परंपरा अनुसार भव्य स्वागत किया। मंगलवार को बाघों की अठखेलियां देखने के लिए सफारी करने के लिए जंगल के एक जोन में रवाना हुई थी ।उल्लेखनीय है कि प्रियंका लंबे समय बाद रणथंबोर आई है उनकी यात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रहा। सूत्रों के अनुसार प्रियंका जयपुर में रामबाग पैलेस में पारिवारिक मित्र अमित गोयल के यहां शादी समारोह में शामिल हो सकती हैं। इस शादी में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं।

## राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई

# आयोग सोशल मीडिया पारिवारिक संबंधों को विच्छेद करने से बचें, सकारात्मक भूमिका निभाए : रेहाना

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** पीड़ित महिलाओं को उनके घर के नजदीक न्याय दिलाने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री) रेहाना रियाज चिश्ती ने बुधवार को सर्किट हाउस सवाई माधोपुर में जनसुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को अपनी समस्याओं एवं पीड़ाओं के निदान के लिए अनावश्यक आर्थिक परेशानी न हो उनका समय बचे इस उद्देश्य से आयोग ने स्वयं सवाई माधोपुर आकर उनकी समस्याओं को सुना एवं जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण हो सकता था उनका निराकरण करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि आयोग ने यहां 37 प्रकरणों की सुनवाई की, जिसमें घरेलु हिंसा, मारपीट, बिजली के बिल, राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाने, बच्चों से नहीं मिलने देने, पति द्वारा त्याग दिए जाने जैसे प्रकरण सामने आए है जिनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने उनके कार्यकाल में अब तक करीब 10 हजार प्रकरणों की सुनवाई की , जिसमें करीब 8 हजार प्रकरणों का अब तक निस्तारण कर दिया है। उन्होंने पीड़ित महिलाओं से कहा है कि वे बिना किसी भय-संशय के निर्भीकता से आयोग के सामने अपनी पीड़ा एवं समस्याओं को रखेंगी तो आयोग पीड़िताओं को राहत दिलाने के लिए तत्परता से कार्य कर उनके जीवन को सुखद एवं आनंदमय बनाने में आयोग उनका सहयोग करेगा। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि मोबाइल एवं सोशल मीडिया का उपयोग पारिवारिक संबंध विच्छेद कराने में अति महत्वपूर्ण कारण वर्तमान में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सकारात्मक वातावरण बनाने में अपनी भूमिका अदा करें न कि पारिवारिक संबंधों को खराब करने में। वहीं



उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करने की हिदायत भी सभी को दी है। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि जनप्रतिन महिलाओं को स्वयं के अधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए साथ ही अपने पद का स्वयं निर्वहन करना चाहिए। इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य सुमित्रा जैन, अंजना मेघवाल, रजिस्ट्रार सह-विशेषाधिकारी बृज माधुरी शर्मा, सदस्य सचिव राज्य महिला आयोग विरेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग अमित गुप्ता, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## खाल सहित कच्चा मांस भी किया जब्त

# रणथम्भौर बाघ परियोजना में जंगली सूअर का शिकार, मांस पकाते चार गिरफ्तार



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान बाघ परियोजना में वन्य जीव शिकार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। अब वनकर्मियों ने तालड़ा रेंज के भूरी पहाड़ी इलाके में जंगली सूअर का मांस पकाते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके पर सूअर की खाल सहित कच्चा और पका मांस भी मिला है। जिसे वनकर्मियों ने जब्त कर लिया। वनविभाग से मिली जानकारी के अनुसार सूअर के मांस के साथ वनकर्मियों ने बसौ कलां गांव के पास जंगल में मनराज (26) पुत्र जोरिया प्रजापत, ओमप्रकाश (26) पुत्र चिरंजी लाल मीना, बुद्धीप्रकाश उर्फ सेतराम (31) पुत्र चिरंजीलाल मीना व रामराज (28) पुत्र जोरिया प्रजापत निवासी बसौ कलां थाना कुंडेरा को गिरफ्तार किया है।

**ऐसे आए पकड़ में :** तालड़ा रेंज के बसौ व भूरीपहाड़ी इलाके में वन्य जीवों के शिकार की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर तालड़ा के कार्यवाहक क्षेत्रीय वनाधिकारी रामखिलाड़ी मीना ने शिकारियों को पकड़ने के लिए सोमवार दिन में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। शाम को पता चला कि कुछ लोगों ने सूअर का शिकार किया है। वह जंगल की दीवार के पास एक मकान में पार्टी कर रहे हैं। इस पर रेंजर मीना ने बसौ के वनपाल मोहनलाल सैनी, सहायक वनपाल भूरीपहाड़ी भूपेंद्र सिंह और वन रक्षक भूरीपहाड़ी मानसिंह को जाप्ते के साथ तैयार किया।

# बार पुलिस ने डोडा पोस्त सहित कार को पकड़ा, चालक मौके से फरार, तलाशी जारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान ) ।** जिले के बार थानान्तर्गत मसुदा के वृत्ताधिकारी के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रही कार्यवाही के तहत थानाधिकारी बार अमरचन्द ने कार्यवाही करते हुए 12 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 195 किलो 960 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। इस अवैध मादक पदार्थ के परिवहन में किया कार को भी जब्त कर लिया है। बार थाने के थानाधिकारी अमरचन्द ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक सेलटोस कार में अवैध मादक पदार्थ के भरे होने की जानकारी मिली। बार थाने ने नाकाबंदी कर टीम सहित वाहनों की तलाशी लेना शुरु कर दिया। इसी बीच मखबीर द्वारा बताई गई सेल्टोस कार भी आई और वह देखकर तेजी से भाग निकली।

इसी को देखकर नाकेबंदी कर रहे जवानों ने कार का पीछा किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए वह कार को अज्ञात वाहन चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। कार को चैक किया तो उसमें प्लास्टिक के कट्टों में अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ था। थानाधिकारी अमरचन्द ने वाहन को में रखे सभी कट्टों का वजन किया तो कुल 195 किलो 960 ग्राम हुआ। जिसको जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त वाहन कार को जब्त कर लिया। आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्यवाही मे बार के थानाधिकारी अमरचन्द, हैड कां. लोकेश कुमार, सुशील कुमार, प्रहलाद, राजेश, बलदेव, बीरबल आदि प्रमुख रुप से थे।

# चिकित्सक की शिक्षा पर निर्भर करती है मरीज का जीवन और मृत्यु : शुभम् चौधरी

## मेडिकल कॉलेज सवाई माधोपुर के प्रथम सत्र के विद्यार्थियों को जिला कलक्टर ने किया सम्बोधित

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** मेडिकल कॉलेज सवाई माधोपुर का प्रथम सत्र प्रारम्भ होने के पश्चात जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि चिकित्सक की शिक्षा पर मरीज का जीवन और मृत्यु निर्भर करती है। इसलिए सभी विद्यार्थी पूरे मनोयोग और ध्यान से मेडिकल की पढ़ाई करें। विद्यार्थियों में ईर्ष्या, द्वेश की भावना के स्थान पर उनके मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता हो। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ऐसे लोगों/विद्यार्थियों की मदद करें जो कठिनाइयों से गुजर रहे है। उन्होंने कहा कि डायग्नोसिस कला एवं विज्ञान का मिश्रण है। मरीज को स्वस्थ करना हमारा पहला दायित्व होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में कठिनाइयां बहुत आएंगी पर उनसे घबराकर हार नहीं मानना है बल्कि उन कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर सफल होना है! इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को एप्रेन पहनाकर उनकी हौंसला अफजाई की। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में संबंधित अधिकारियों को कहा कि सवाई माधोपुर में मेडिकल कॉलेज स्थापना की स्थापना से जिले के साथ-साथ नजदीकी जिलों के विद्यार्थियों के लिए मेडिकल की पढ़ाई करना सुगम, शुलभ, सस्ता होगा। उन्होंने निर्माणाधीन भवन में आ रहे सभी व्यवधानों को दूर करने, कॉलेज में बिजली, पानी, सफाई एवं सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता को दिए है। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्रयोगशाला, मेस ब्लॉक, छात्रावास आदि का भी निरीक्षण कर आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने, भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी प्रदान किए। इस दौरान एसडीएम अनूप सिंह, तहसीलदार विनोद शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा आदि उपस्थित रहे।

# उधारी की मना करने पर युवक के सिर में मारा चाकू



सवाईमाधोपुर. जिला अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में भर्ती घायल।

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर( बढ़ता राजस्थान )।** बजरिया स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्द्रा मार्केट के पास सरस डेयरी बूथ पर उधारी देने से मना करने पर एक युवक को चाकू मारने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित के पिता ने मानटाउन थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित पीयूष शर्मा पुत्र रमेशचंद शर्मा निवासी आकाशवाणी के पीछे गौतम कॉलोनी है। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी बजरिया में इन्द्रा मार्केट के पास बूथ संख्या 14 डेयरी संचालित है। सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे फैशल पुत्र मुस्ताक गद्दी निवासी मखौली (कुण्डेरा) हाथ में चाकू लेकर आया और आते ही पीछे से जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर वार कर दिया। दूसरा चाकू भी सिर में मारा। इसके बाद पीड़ित पीयूष के सिर से खून निकल आया। घटना के बाद वह चिल्लाया तो पास ही चाय की दुकान पर बैठे उसके पिता रमेशचंद दौड़कर डेयरी बूथ पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इस दौरान युवक के पिता ने उसको पकड़ लिया लेकिन वह भाग छूटा। घटना के बाद हनुमान पुत्र रामजीलाल ने ऑटो में बैठाकर उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ट्रोमा वार्ड में उसका उपचार चल रहा है।

# तालाब में डूबने से बालिका की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** खण्डार थाना इलाके के डाबिच बैरवा बस्ती में मां के साथ ननिहाल गई करीब साढ़ तीन वर्षीय बालिका की मंगलवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतका साढ़े तीन वर्षीय किट्टू उर्फ अंशु पुत्री मनोज बैरवा निवासी बड़ौद है। पुलिस के अनुसार किट्टू सोमवार शाम को घर से लापता हो गई। इस पर परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि बालिका घर से गांव में स्थित परचून की दुकान पर कुरकुरे लेने गई थी। काफी देर तक बालिका के वापस नहीं आने पर परिजनों व ग्रामीणों ने मोहल्ला व रश्तिेदारों के यहां बालिका को तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से बालिका को देखने के बारे में जानकारी जुटाई। बाद में कीचड़ व मिट्टी में उसे पगमार्क पानी की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि गांव का सारा पानी रास्ते में होकर एक जगह एकत्र होने से वहां तालाब बना हुआ है। ऐसे में बालिका का कुरकुरे लेने जाते समय पैर फिसलने से तालाब के गहरे पानी में चली गई। ऐसे में उसमें डूबकर उसकी मौत हो गई। बाद में जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की टीम बुलाई। टीम ने रात में बालिका की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया। लेकिन रात अधिक होने से पता नहीं चल सका। सुबह वापस सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान बालिका का शव पानी में तैरता नजर आया। इस पर एसडीआरएफ टीम ने शवप को बाहर निकाला।

इस दौरान मौके पर तहसीलदार पुष्कर सिंह सहित स्थानीय पुलिस व अन्य लोग मौजूद रहे। पुलिस ने खण्डार सीएचसी में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# अपनत्व स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** कस्बे में निमोडिया रोड स्थित बहुप्रतिशित शिक्षण संस्थान 'अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल' के प्रांगण में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने बाल दिवस से संबंधित गीत, कविता ,नृत्य, सामूहिक नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए द्यकार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निर्देशक महोदय सुरज्ञान सिंह जी बडोदिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चों को उनके प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए उत्साहित किया।स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनैना कंवर राजावत ने बताया कि बाल दिवस की अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया



जिसमें एन.जी.ओ भावी निर्माण सोसाइटी चाकसू द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया एवं गिरिराज शर्मा, सुनील गौतम रमा शर्मा द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया द्य इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक भवानी सिंह चौहान समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्री प्राइमरी हेड अपेक्षा शर्मा एवं सीनियर हेड गीता शर्मा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में बच्चों को स्वादिष्ट स्वल्पाहार प्रदान किया गया, जिसे खाकर सभी बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आए। विद्यालय में इस दिन का आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का स्रोत बना, बल्कि उन्हें प्रेरणा और उत्साह भी दिया, ताकि वे अपनी शिक्षा और जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकें।

# एंटीबायोटिक एवं एंटी माइक्रोबॉयल का अधिक उपयोग पशुओं के लिए हानिकारक



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** पशुओं की बीमारियों का इलाज केवल राजकीय पशु चिकित्सकों एवं राजकीय पशुधन सहायकों से ही करवाना चाहिए।यह कहना है नोडल अधिकारी डा विजय पहाड़िया का। डॉ.पहाड़िया विश्व

एएमआर सप्ताह के शुभारंभ पर उपस्थित संभागियों को संबोधित कर रहे थे , डॉ.पहाड़िया ने कहा कि यह सप्ताह प्रतिवर्ष 18 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित किया जाता है।इस सप्ताह को मनाने का मूल उद्देश्य एंटीबायोटिक एवं एंटी माइक्रोबॉयल दावायो का अत्यधिक प्रयोग से होने वाली हानियां के बारे में आम जन को जागरूक करना होता है।डॉ सत्यजीत सिंह, डॉ कृष्ण गुप्ता,

डॉ.हरिओम शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि एंटीबायोटिक का उपयोग उचित दवा, उचित मात्रा, उचित समय पर, उचित अवधि तक ,सही तरीके से जरूरत पड़ने पर ही उपयोग लेना चाहिए।एंटीबायोटिक का अत्यधिक प्रयोग से पशुओं में उस एंटीबायोटिक के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न हो जाती है और वह एंटीबायोटिक अनउपयोगी होजाताहै।

प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में नोडल भुसावर के समस्त कार्मिक तथा ग्रामीणों की उपस्थिति आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर डा भूपेंद्र,डा हेमंत, डा रविंद्र, वीरेंद्र ,राजेंद्र,ब्रजेश,लक्ष्मण, मुकेश ,स्वामी ,,जगदीश,मधुबन, रामेश्वर,निहाल, कंवरपाल, राजीव ,नवल ,मनोज,ब्रजेंद्र,संतोष, नेमी आदि उपस्थित रहे।

# विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव के हो रहे विकास कार्य -शेखावत संगठन चुनाव पर हुई विस्तार से चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के मण्डल नीमूचाना में अलवर उत्तर की संगठन पर्व 2024 की कार्यशाला सत्येंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। विकास कार्यों में भेदभाव के लिए कोई गुंजाईश नहीं है। सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा में विश्वास व्यक्त किया है और भाजपा का विधायक चुना है। इसलिए मोदी जी का नारा है सबका साथ सबका विकास जो साकार होता नजर आ रहा है। इस मौके पर शेखावत ने संगठन चुनाव पर भी विस्तृत चर्चा की।कार्यशाला में भाजपा अलवर उत्तर के जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा, मंडल निर्वाचन प्रभारी सुरेंद्र यादव, जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी रामानंद दीक्षित, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में बूथ अध्यक्ष चुनाव को लेकर भी विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर दयाराम गुर्जर, रविकांत शर्मा, प्रेमचंद गौतम, विजय गोठवाल, मुकेश गुप्ता, पुरुषोत्तम गौतम, मामराज प्रजापत,मनोज प्रजापत, हंसराज गुर्जर,दिनेश जाट,शेर सिंह,कप्तान सिंह,सुरेंद्र योगी, सुरेश जांगिड़, जयचंद सैनी, रामदयाल शर्मा, बाबूलाल स्वामी, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।मंच का संचालन रविकांत शर्मा ने किया।इस मौके पर सदस्यता अभियान के संयोजक दयाराम गुर्जर एवं रविकांत शर्मा ने सुरेश जांगिड़, मनोज प्रजापत, दिनेश जाट, शेरसिंह, बुद्धराम जाट व विजय गोठवाल को पार्टी की सक्रिय सदस्यता भी दिलवाई।

# घर वालों ने मना किया तो बोला, अंतिम बार जा रहा हूं फिर नहीं जाऊंगा कॉलेज जाते समय तीन दोस्तों सहित स्वयं को बस ने कुचला

## 2 महीने से चल रही थी शादी की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के जाजम पट्टी में मंगलवार को बस की टक्कर से बाइक सवार चार छात्रों की मौत हो गई थी। इनमें से तीन छात्र रामकेश, रितेश और मुकुल बयाना तहसील इलाके के रहने वाले हैं। रामकेश बयाना कस्बे के पठानपाड़ा इलाके का रहने वाला है। जबकि रितेश गांव नगला मढ़पुरिया का और मुकुल गांव शेरगढ़ का रहने वाला था।

पठानपाड़ा में रामकेश के घर रिश्तेदारों का लगातार आना लगा हुआ है। बुधवार को तीये की रस्म भी की गई है। रामकेश के घर सहित आसपास के घरों में कल शाम से चूल्हा तक नहीं जला है। बता दें कि हादसे में मारे गए चारों छात्र उत्तर प्रदेश के मगोर्रा तहसील में स्थित गिर्राज महाराज एग्रीकल्चर कॉलेज में बीएससी सेकंड ईयर के स्टूडेंट थे। चारों दोस्तों की हादसे में मौत हो गई।

## मां ने रोका, लेकिन बोला आज आखिरी बार जा रहा हूं-

रामकेश के चचेरे भाई भागसिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से रामकेश के कॉलेज में प्रैक्टिकल चल रहे थे, इसलिए वह तीन दिन से रोजाना कॉलेज जा रहा था। कॉलेज जाने के लिए तीनों दोस्त बयाना से ट्रेन से जाजमपट्टी स्टेशन उतरते थे और वहां से फिर मगोर्रा स्थित कॉलेज के लिए जाते थे। सुबह जब रामकेश घर से कॉलेज जाने के लिए निकला तो उसकी मां ने उसे कॉलेज जाने से मना किया कि घर में जरूरी काम है, वह करना है। लेकिन रामकेश ने कहा कि मम्मी आज लास्ट प्रैक्टिकल है, उसके बाद फिर कॉलेज नहीं जाऊंगा। रामकेश के मुंह से निकली यही बात सही साबित हो गई। क्योंकि रामकेश अब कभी भी कॉलेज नहीं जा पाएगा।

## घर में चल रही थी शादी की बात

रिश्तेदारों ने बताया कि चार बहनों के बीच रामकेश अकेला भाई था। चारों बहनों की शादी हो चुकी है अब पिछले दो महीने से परिवार में रामकेश की शादी की भी चर्चा चल रही थी। परिजनों ने बताया की 2 दिन पहले ही रामकेश अपने घर में कह रहा था अगर हम दो भाई होते तो अच्छा होता जिससे अगर एक को कुछ हो जाए तो कम से कम परिवार में एक लड़का तो रहे।

## बेटे की गम में मां अस्पताल में भर्ती

अपने बेटे के गम में रामकेश की मां मंगलवार से ही बार-बार बेसुध हो रही है उसकी आंखों में आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहे हैं बुधवार सुबह परिजनों ने उसे बयाना सीएससी में भर्ती कराया है। पूरे परिवार मैं रामकेश की मौत को लेकर कोहराम मचा हुआ है।



# असीम की और विस्तार का संदेश विस्तारित करते हुए 77 वे निरंकारी संत समागम का सफल समापन

## असीम से जुड़कर जीवन के हर पहलू का विस्तार करें -सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के अंतिम दिन अमृतमयी प्रवचनों के माध्यम से दिव्य संदेश में कहा कि परमात्मा असीम है और इससे जुड़ने वाला हर पहलू असीम होता चला जाता है ब्रह्म ज्ञान द्वारा परमात्मा को जानने के उपरांत जब हम इससे जुड़ते हैं तो जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मकता का विस्तार होता चला जाता है। सोमवार की रात्रि को तीन दिवसीय निरंकारी संत समागम का शांतिपूर्वक वातावरण में सफल समापन हुआ ।सतगुरु माता जी ने इस दौरान अज्ञानता से उत्पन्न भेदभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में जाति, जीवन शैली और निवास स्थान जैसे मुद्दों को लेकर भेदभाव होता है जबकि ब्रह्म ज्ञानी संत समदृष्टि के भाव से इन संकीर्णताओ से ऊपर उठकर जीवन जीते हैं

सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने भक्ति के भोले भाव की महत्व बताते हुए कहा कि परमात्मा भोले भाव से रीझता है। चेतन और सजक रहते हुए भक्त भ्रम और भ्रांतियो से प्रभावित नहीं होते हैं। श्रद्धालुओं से समागम में ग्रहण की गई शिक्षाओं को अपने जीवन में अपने का आह्वान किया बहुभाषी कवि दरबार. आदित्य रचनाओं का संगम:-निरंकारी संत समागम के तीसरे



दिन का मुख्य आकर्षण बहुभाषी कभी दरबार रहा जिसमें देश.विदेश के 19 कवियों ने विस्तार असीम की ओर विषय पर हिंदी पंजाबी हरियाणवी और अंग्रेजी भाषा में प्रेरणादायक ज्ञानार्थ रचनाएं प्रस्तुत की इसके अतिरिक्त बाल कवि दरबार और महिला कवि दरबार जैसे आयोजन भी समागम की विशेषताएं रही । लंगर में सारा संसार एक परिवार की सजीव प्रस्तुति। समागम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए चार मैदानों में लंगर सेवा की व्यवस्था की गई। दिव्यांग और वयोवृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था की गई लंगर के माध्यम से सारा संसार एक परिवार जैसा स्वर्गीय नजारा दिखाई दिया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक सभ्यताओं और धार्मिकता से जुड़े श्रद्धालु भक्तों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व समागम समिति के समन्वयक जोगिंदर सुखीजा जी ने परम श्रद्धेय सदगुरु माताजी एवं परम आदरणीय निरंकारी राज पिताजी का समस्त साथ संगत की ओर से हृदयपूर्वक आभार प्रकट किया श्रद्धालु इस पावन अवसर की दिव्यता और शिक्षाओं को अपने हृदय में संजोकर अपने अपने गंतव्यो की ओर प्रस्थान कर रहे हैं।

# भरतपुर की अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन

## पहला मैच करौली से आज



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** राज्यस्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम घोषित कर दी गई है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि टीम चयन के लिए अपनाई गई एक दिवसीय चयन प्रक्रिया एवं उसके बाद कराई गई तीन सिलेक्शन मैचो मे की गई की परफॉरमेंस के आधार पर भरतपुर जिले की टीम घोषित की गई है। टीम का कप्तान प्रबल सिंह सिनसिनवार एवं उपकप्तान अनमोल को बनाया गया है जबकि बाकी टीम में आदित्य व्यास, मोहित सोलंकी, आशु सोगरवाल, मौलिक त्रिमूर्ति, वंश चौधरी, निश्चल शर्मा, कान्हा कुमार, भावेश बघेल, प्रशांत चाहर, मिलन चौधरी, अर्णव खेमरा, शिवम सरधना, जितेंद्र शर्मा, प्रियांशु चौधरी, आशिन भारद्वाज, रेहान खान, दक्ष शर्मा, वशिष्ठ शर्मा, एवं कान्हा गुर्जर को शामिल किया गया है एवं टीम के मैनेजर संजीव चिनिया व कोच गौरव फौजदार एवं स्नोही जोशी ट्रेनर को नियुक्त किया गया है। सचिव ने यह भी बताया कि टीम का पहला मैच 21 नवंबर को करौली से तथा दूसरा मैच 22 नवंबर को टोंक से एवं तीसरा और अंतिम लीग मैच 23 नवंबर को सवाई माधोपुर से होगा। यह प्रतियोगिता एक दिवसीय लीग मैच के आधार पर रेड बॉल से जयपुर में खेली जायेगी।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम : खेड़ली गड़ासिया सीएचसी में लगाया मेडिकल कैंप, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 58 स्कूली बच्चों का किया उपचार

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर** । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत बुधवार को स्कूलों में जांच के बाद रैफर हुए बच्चों की स्क्रीनिंग और उपचार के लिए खेड़ली गड़ासिया सीएचसी पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कैंप में मौजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बीमार 58 बच्चों की स्क्रीनिंग कर उपचार दिया। इससे पहले सुबह सीएचसी इंचार्ज डॉ. शैलेश सिंह ने कैंप का उद्घाटन करते हुए बच्चों के साथ आए पेरेंट्स और टीचर्स को बदलते मौसम में बच्चों के खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह दी। आरबीएसके कैंप प्रभारी डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र और मदरसों के 18 वर्ष तक की आयु के 58 बच्चों का उपचार किया गया। जिनमें से एक बच्चे को कानों में अधिक तकलीफ की वजह से हायर सेंटर रेफर किया गया। कैम्प में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गुप्ता, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जसवंत सिंह धाकड़, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. दौलत धाकड़, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. गोविंद शर्मा, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहिताश कुमार और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. परमवीर सिंह ने बच्चों की बीमारियों का उपचार किया।

# पेन्शनरों ने उपकोशागार में जमा करवाये जीवन प्रमाण पत्र

**बयाना/भरतपुर** । राजस्थान पैंशनर समाज उपशाखा बयाना के तत्वावधान में बुधवार को एक शिविर का आयोजन किया। पेन्शनरों की सहायता से पुराने तहसील भवन के सामने स्थित संगठन कार्यालय पर लगाये गये कैम्प में 30 पेन्शनरों ने जीवन प्रमाण पत्र भरकर उपकोषागार में प्रस्तुत किये। कार्य के दौरान अमर सिंह मीना उपकोषाध्यक्ष ने पेन्शनरों को सहयोग प्रदान किया। इस दौरान 4 नये सेवानिवृत्त कार्मिकों ने पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण की। शिविर के दौरान बयाना उपशाखा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा, मंत्री बृजेश शर्मा, ग्यारसा राम पूर्व विधायक, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, घनश्याम शर्मा, हरीकिशन, रामबाबू पाठक, सुरेश चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# आईएमएयूफोरिया-2024 का अवार्ड्स सेरेमनी के साथ धूमधाम से हुआ समापन

## बेस्ट स्पोर्ट्समन पर्सन मेन डॉ. राकेश गुप्ता एवं बेस्ट स्पोर्ट्समन पर्सन फीमेल डॉ.पायल गुप्ता रहे







बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आई एम ए अलवर के गेम्स आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि आईएमए यूफोरिया-2024 का अवार्ड्स सेरेमनी के साथ 18 नवम्बर को आईएमए हॉल में धूमधाम से समापन हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में आईएमए अध्यक्ष डॉ. एससी.मित्तल ने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत करते हुए बेहतरीन फॅमिली पार्टिसिपेशन के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया वही अलवर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टरएएक्सॉन सेन्टर ऑफ न्यूरो साइंसेज,सिटी हॉस्पिटल,डॉ.खड़क सिंह अरोड़ा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल,गीतांजली हॉस्पिटल,हाईटेक हॉस्पिटल,जे.डी.हॉस्पिटल,झालानी आई हॉस्पिटल, कमला आईवीएफ एंड नर्सिंग होम,मनसुखा हॉस्पिटल,मित्तल हॉस्पिटल,मुकेश हॉस्पिटल,मुथरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल,नवजीवन हॉस्पिटल,पटेल हॉस्पिटल,प्रगति हॉस्पिटल,सानिया हॉस्पिटल,सेठी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल,सोलंकी हॉस्पिटल,स्पाइन एंड जॉइंट सेन्टर सभी 20 हॉस्पिटल्स के स्पोंसर डॉक्टर्स को धन्यवाद उनके द्वारा दिए गए आर्थिक सहयोग के लिए दिया।

खास तौर पर सभी प्रेस एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया का बेहतरीन कवरेज के लिए विशेष धन्यवाद दिया साथ ही एथलेटिक के कैप्टिन उमराव लाल सैनी,बैडमिंटन के कपिल सैनी, टेबल टेनिस के आशीषएशतरंज के हरिओम भड़ाना,योगा की हीना गुप्ता ,क्रिकेट के अंपायर आरिफ एवं कमेंटेटर वीरेंदर चौधरी तथा ओवरआल

# क्रिकेट फाइनल मैच में प्राइवेट ब्लास्टर्स विनर एवं गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स रनर टीम रही -

मैनेजमेंट के लिए इवेंट कोऑर्डिनेटर गिरीश गुप्ता का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। ऑर्गनाइजिंग सेक्र टरी डॉ.राकेश गुप्ता ने सभी कार्यक्रमों की संक्षिप्त में जानकारी प्रदान करी तद्पश्चात डॉ. अनुरिता झा एवं डॉ. अशोक की प्रशिक्षिका यतिका एवं योगांशी द्वारा बॉलीवुड सोंग पर कथक की लाजवाब मनमोहक प्रस्तुति से सदन झूम उठा।

अवार्ड सेरेमनी में सबसे पहले शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट के अवार्ड्स सभी स्पोंसर डॉक्टर्स से दिलवाए गए वही ऑर्गनाइजिंग टीम एवं एग्जीक्यूटिव मेम्बेर्स ने मिलकर अवार्ड्स प्रदान किये। बेस्ट बैट्समेन अवार्ड्स पहले मैच के डॉ. कृष्ण, दूसरे मैच के डॉ.शिवदत्त गुप्ता, तीसरे मैच के डॉ.तरुण धाभाई, चौथे मैच के डॉ.संदीप, पाँचवे मैच के डॉ. नीरज रमन, छठे मैच के डॉ. लोकेश जांगिड , सातवे मैच के डॉ. हेमन्त गुप्ता रहे।

आई एम ए अलवर यूफोरिया 2024 की क्रिकेट लीग मैच में 3तक पोजीशन के मैच में अरावली अवेंजर्स ने ईएसआई ईगल्स को 50 रन से हरा कर 3तक पोजीशन पर रही। फाइनल मैच में प्राइवेट ब्लास्टर्स की टीम ने गवर्नमेंट ग्लेडिएटर्स को 6 रन से हराया। मैच में डॉ हेमंत गुप्ता बैटिंग में 68 रन और बॉलिंग में एक विकेट ले कर मैन ऑफ द मैच रहे । योगा फाइनल रिजल्ट अंडर 55 इयर्स में फीमेल प्रथम बिन्दु सिंह, दितीय डॉ. कविता चौधरी तृतीय डॉ. पायल गुप्ता तथा 55 इयर्स में फीमेल . प्रथम अलका मित्तल, दितीय डॉ. मिथलेश गर्ग, तृतीय डॉ. मंजू अग्रवाल रही। गिरीश गुप्ता को बेहतरीन मैनेजमेंट एवं ओवरआल व्यवस्थाओ के लिए स्पेशल प्राइज से सम्मानित किया गया मंच संचालन भी गिरीश गुप्ता ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विजय सिंह चौधरी आईएमए सेक्रेटरी ने किया।

# जिला कलक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया बोटिंग और जंगल सफारी का शुभारंभ

## बूंदी महोत्सव आयोजन की कड़ी में जुड़ी नौकायान और 15 किमी की जंगल सफारी की गतिविधियां





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** बूंदी महोत्सव के दौरान देशी विदेशी सैलानियों और शहर वासियों के लिए जैतसागर झील में बोटिंग शुरू की गई है। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को नौका विहार कर इस सुविधा का शुभारंभ किया। बूंदी शहर में अब देशी विदेशी पर्यटक जैतसागर झील की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकेंगे और वोटिंग का भी लुत्स उठा पाएंगे। बूंदी शहर की जैतसागर झील में पहली बार बोटिंग की सुविधा शुरू की गई है। इस दौरान फ्रांस, इजरायल और जर्मनी से बूंदी घूमने आए विदेशी सैलानियों ने भी पहली बार शुरू हुई बोटिंग का लुत्फ उठाया। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि शहर में आने वाले पर्यटक झील को देखने के साथ-साथ नौकायन का भी लुत्स उठाएंगे वही जंगल सफारी में आने वाले पर्यटक झील का आनंद ले सकेंगे।

उन्होने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में बूंदी को आगे बढ़ाने की दृष्टि से इस क्षेत्र में जिप लाइन स्थापित करने सहित अन्य गतिविधियों के प्रस्ताव भी लिए गए हैं, जिनके शामिल होने से पर्यटन तेजी से बढेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि जैतसागर चारों ओर से पहाडियो से घिरा होने से झील का प्राकृतिक सौंदर्य सबको आकर्षित करता है। बूंदी महोत्सव के दौरान देशी विदेशी पर्यटकों तथा आमजन के लिए बोटिंग सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में झील के पूरे क्षेत्र को साफ कर बोटिंग का एरिया बढ़ाया जाएगा। मशीन के माध्यम से झील से कमल जडों को साफ करवाने का कार्य करवाया जाएगा। झील में नौकायन शुरू होने से बूंदी में पर्यटकों के ठहराव की अवधि बढेगी और पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### 15 किलोमीटर की जंगल सफारी का नया रूट हुआ शुरू

महोत्सव के तहत आयोजित गतिविधियों के तहत रामगढ़ वन्य जीव अभयारण्य में नए रूट की शुरूआत की गई है। जिला कलक्टर ने 15 किलोमीटर के रूट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले बूंदी उत्सव में देशी विदेशी सैलानियों का पूरा एक दिन जंगल सफारी के नाम रहेगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग की ओर से इस कार्य पर काफी मेहनत की गई , जो सराहनीय है। जंगल सफारी के नए रूट पर सैलानी सूरज छतरी, शिकार बुर्ज, प्राकृतिक ऐतिहासिक विरासत और वन्य जीव का अवलोकन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जंगल सफारी को ठीकरदा तालाब तक बढ़ाने की कार्य योजना तैयारी की जा रही है। इस दौरान जिला कलक्टर ने सूरज छतरी और शिकार बुर्ज का अवलोकन किया। उन्होंने सूरज छतरी के जीर्णोद्धार के संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा भी की। इस अवसर पर उपवन संरक्षक आरवीटीआर संजीव शर्मा ने बताया कि नौका विहार के लिए 225 रुपए प्रति व्यक्ति का शुल्क निर्धारित किया गया।

उन्होंने बताया कि जंगल सफारी के नए रूट और बोटिंग सुविधा शुरू होने से यह क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड, रेंजर हेमंत, पुरूषोत्तम लाल पारीक, पूर्व वन्य जीव प्रतिपालक विठठ्ल सनाढ्य, आनंद सनाढ्य, सर्वदमन शर्मा, युधिष्ठिर आदि मौजूद रहे।

# जेईई-मेन की आवेदन की अंतिम तिथि 22 नवम्बर को, टूट सकता है गत वर्ष के रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड

## ओबीसी-ईडब्ल्यूएस कैटेगरी स्टूडेंट्स को आवेदन के लिए दिया विकल्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अनुमान के अनुसार इस वर्ष गत वर्ष से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि अंतिम तिथि 22 नवम्बर है और अब तक करीब 11.50 लाख विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। गत वर्ष यह संख्या 12 लाख 21 हजार 764 थी। ये रिकॉर्ड इस बार तोडा जा सकता है। इसके साथ ही एनटीए की ओर से एफएक्यू एवं करेक्शन विंडो का समय भी जारी कर दिया गया है। 26 व 27 नवम्बर को आवेदन में करेक्शन किए जा सकेंगे। आहूजा ने बताया कि एनटीए की ओर से जारी किए गए एफएक्यू में 35 सवालों के जवाब दिए गए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कैटेगरी संबंधित आवेदकों के लिए विकल्प दिखाया गया है, जिन विद्यार्थियों के कैटेगरी दस्तावेज तैयार नहीं हुए हैं, वे कैटेगरी के सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने पर मिली रिसिप्ट पर दिए गए एप्लीकेशन रजिस्ट्रेशन नम्बर, आवेदन की तिथि एवं जारी करने वाले अधिकारी का नाम लिखकर आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावों के चलते विद्यार्थियों को आवेदन में परेशानी आ रही है। इसके अलावा ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के कैटेगरी सर्टिफिकेट के लिए आवश्यक औपचारिकताएं भी विद्यार्थियों के लिए परेशानी बना हुआ है। महाराष्ट्र और झारखंड में तो विद्यार्थी अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि सर्टिफिकेट बनाए जा सकें। इसके अलावा कई विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने सीबीएसई में अपग्रेडेशन के लिए एप्लाई किया था, रिजल्ट में अंक बढ़ गए हैं लेकिन स्कूल्स में मार्कशीट नहीं आई है। ये भी चाहते हैं कि अंतिम तिथि बढ़ाई जाए।

# राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति का निजीकरण के विरोध में 25 व 29 नवम्बर को होगा प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक अधीक्षण अभियन्ता (भी.वृ) सभागार में हुई इस बैठक मे विधुत वितरण व विधुत प्रसारण से जुडी हुई सभी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियो की उपस्थिति रही। बैठक में पांचो निगमों में हो रहे अंधाधूंध निजीकरण के खिलाफ सभी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने सर्वसमिति से निर्णय लेकर दिनांक 25 नवम्बर को उपखण्ड स्तर पर कार्य बहिष्कार, प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किये जायेगें तथा दिनांक 29 नवम्बर को निगम प्रशासन व जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर श्रीमान् कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय व उर्जा सचिव राजस्थान सरकार को प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। बैठक के दौरान राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के जुम्मा काठात, प्रदेश उपाध्यक्ष महासंघ विद्युत भामस पुरूषोतम शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष इंटक, शेलेन्द्रसिंह राठौड जिलाध्यक्ष, प्रसारण श्रमिक संघ भारतीय मजदूर संघ रईस अली महामंत्री राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एसोसियेशन नरेश जोशी, महामंत्री अजमेर विधुत वितरण श्रमिक संघ (भामस) सीताराम गुर्जर कार्यकारी जिलाध्यक्ष आरवटका सुरजीतराय , इकबाल चूडीघर आदि उपस्थित थे ।

# जिले में कोटपा एक्ट की पालना नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर काटे चालान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** प्रदेश में चलाए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी के निर्देशन में गठित टीम में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरंतर चालान काटने की कार्यवाही जारी है। सीएमएचओ डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि टोबोको फ्री यूथ कैम्पेन के तहत बीडी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है, का चेतावनी बोर्ड नहीं लगाने पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 के तहत चालान बनाए जा रहे हैं। सभी प्रतिष्ठानों के बाहर उक्त बोर्ड का डिस्प्ले करने, तम्बाकू उत्पादों को बेचने के लिए लटकाकर रखने तथा बीडी-सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नहीं करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। अभियान के तहत जिला स्तरीय गठित टीम में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष कुमार शर्मा व घनश्याम सिंह सोलंकी द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 व धारा 6 के अंतर्गत चालान काटकर जुर्माना राशि की वसूली की गई।

# रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ ने लगाया निशुल्क अस्थि घनत्व जांच शिविर

## 75 लोगों को मिला निशुल्क परामर्श




बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा बुधवार को बरथुनिया नर्सिंग होम तलवंडी में निशुल्क अस्थि घनत्व जांच शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा बरथुनिया नर्सिंग होम तलवंडी के सहयोग से निशुल्क अस्थि घनत्व जांच शिविर लगाया गया जिसमें 75 लोगों की जांच कर डॉ. निधि बरथुनिया ने आवश्यक परामर्श दिया और दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने, संतुलित आहार करने के साथ ही सर्दी में बचाओं के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने रोटेरियन डॉ. जे के बरथुनिया सुशीला बरथुनिया एवं डॉ. निधि बरथुनिया का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि क्लब इस प्रकार के शिविर एवं सामाजिक सरोकार के काम लगातार करता आ रहा है एवं आगे भी जारी रखेगा। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति निरंतर चिकित्सा शिविर के माध्यम से लोगों को लाभांवित करने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. निधि बरथुनिया ने बताया कि बरथुनिया नर्सिंग होम जन मानस की आवश्यकता को देखते हुए निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करता है एवं आगे भी जारी रखेगा।

# उपचारात्मक शिक्षण से सफलता की सीढ़ी चढ़ेंगे विद्यार्थी, नवाचारों से निखरेगा शिक्षा विभाग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** जिले में सरकारी विद्यालयों में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों के सम्बलन एवं क्षमता वर्द्धन के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए उपचारात्मक शिक्षण व्यवस्था शुरू की गई है। इसके अंतर्गत कक्षा में पिछड़े 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण द्वारा उनका क्षमता वर्द्धन किया जाएगा एवं उन्हें अग्रणी विद्यार्थियों के समकक्ष लाने के प्रयास होंगे। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की पहल पर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा उपचारात्मक शिक्षण व्यवस्था शुरू की गई है।

जिला कलक्टर ने जिला निष्पादन समिति की बैठक में इसकी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों के लिए उनके अनुरूप शिक्षण तकनीकों का उपयोग करते हुए उनकी सीखने संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाए। साथ ही, अध्ययन में उनकी रूचि को बढ़ाने एवं प्रोत्साहन के लिए विविध तरीके अपनाए जाएं।

नियमित रूप से ऐसे विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाए। प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए परिणाम का संधारण किया जाए। ताकि परिणाम के आधार पर उपचारात्मक शिक्षण के तौर-तरीकों में बदलाव लाए जा सकें।

### सभी विद्यालयों में लगी गरिमा पेटी

जिला कलक्टर के निर्देश पर सभी विद्यालयों में गरिमा पेटी व्यवस्था को पुनः प्रभावी बनाया जा रहा है। इनमें प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। यह व्यवस्था सार्थक बने इसके लिए प्रति शनिवार गरिमा पेटियों को खोलने के दौरान वीडियो बनाने के निर्देश भी विद्यालयों में दिए गए हैं।

### विद्युतविहीन विद्यालयों में लगेंगे सोलर सिस्टम

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि वन भूमि में स्थित होने जैसे कारणों से विद्युत व्यवस्था से वंचित विद्यालयों में सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं। सीडीईओ के.के. शर्मा ने बताया कि जिले में 6 विद्यालय विद्युत व्यवस्था से वंचित हैं। सरकारी विद्यालय भवनों से इतर चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों को निकटस्थ विद्यालयों में स्थानांतरित करने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं।

### सभी विद्यालयों में हो हिन्दी-अंग्रेजी समाचारों का वाचन

जिला कलक्टर के निर्देशन में सरकारी विद्यालयों में हिन्दी और अंग्रेजी के समाचारों के वाचन की व्यवस्था भी शुरू की गई है जो कुछ विद्यालयों में नियमित चल रही है। जिला कलक्टर ने सभी विद्यालयों में यह व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए हैं ताकि विद्यार्थियों में समाचार पत्र वाचन की आदत विकसित होने के साथ ही हिन्दी और अंग्रेजी के स्पष्ट और धारा प्रवाह, उच्चारण बेहतर हो सके। इसके लिए उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन हिन्दी और अंग्रेजी समाचार पत्रों से एक-एक समाचार का चयन कर शिक्षा विभाग के वाट्सएप ग्रुप पर प्रसारित किया जाए और एक रूपता के साथ सभी विद्यालयों में इनका वाचन कराया जाए। बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार को विद्यालयों में नारा लेखन किया जाए। साथ ही, नशा मुक्ति से संबंधित वार्ता का आयोजन कर शपथ भी दिलाई जाए। ताकि नशे के विरूद्ध वातावरण निर्माण हो सके।

# प्रतियोगी परीक्षा में कर्मचारियों की ड्यूटी एक ही पारी में लगाई जावे



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ,भामस जिला बूंदी का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष विकास दीक्षित के नेतृत्व मे जिला कलेक्टर महोदय बूंदी से मिला तथा मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार तथा स्वयं जिला कलेक्टर महोदय,बूंदी के नाम ज्ञापन दिया गया । कर्मचारी महासंघ , भामस के प्रवक्ता कपिल जैन द्वारा बताया गया कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री महोदय तथा जिला कलेक्टर महोदय से कर्मचारी चयन बोर्ड , जयपुर द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं जो एक दिन में दो पारियों में करवाई जा रही हैं उनमें कर्मचारियों की ड्यूटी एक ही पारी में लगाए जाने का आग्रह किया गया है क्योंकि कर्मचारी चयन बोर्ड , जयपुर द्वारा माह सितंबर ओर अक्टूबर, 2024 में समान पात्रता परीक्षा करवाई गई थी जिसमें कार्मिकों से दोनों पारियों में ड्यूटी करवाई गई थी फलस्वरूप कर्मचारी को प्रातः 6.30 बजे से सायं: 6.30 बजे तक लगातार हार्ड ड्यूटी करनी पड़ी जिससे कार्मिक शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहा था। जबकि इन्हीं परीक्षाओं में जिला जयपुर में कार्मिकों की ड्यूटी एक दिन में एक ही पारी मै गई थी, जो कर्मचारी के हित में अच्छी पहल थी जो सफल भी रही ओर परीक्षाएं सुचारू सम्पन हुई तथा कार्मिकों भी ड्यूटी कर के सहज महसूस कर पाए थे । अतः कर्मचारी महासंघ,भामस जिला बूंदी द्वारा मुख्यमंत्री महोदय से प्रदेश के मुखिया के नाते आग्रह किया गया है जिला जयपुर की तर्ज पर आने वाली पशु परिचर प्रतियोगी परीक्षा में एक दिन में एक ही पारी मै ड्यूटी लगाने के आदेश जारी करवा कर कर्मचारियों के हितों में निर्णय करने का कष्ट करे तथा जिला कलेक्टर महोदय बूंदी से भी जिला के मुखिया होने के नाते आग्रह किया गया है कि जिला जयपुर की तर्ज पर आने वाली पशु परिचर प्रतियोगी परीक्षा में एक दिन में एक ही पारी मै ड्यूटी लगाने के आदेश जारी करवा कर कर्मचारियों के हितों में निर्णय लेकर जिले को एक आदर्श के रूप में निवेदन किया गया है।

# बूंदी दौरे पर एआईसीसी सचिव ने कहा कांग्रेस देश को जोड़ने वाली पाटी

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर मंगलवार रात बूंदी पहुंचे। बूंदी में कुंभा स्टेडियम के पास एआईसीसी सचिव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वार्ता की। अवसर पर धीरज गुर्जर ने कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन का परचम लहरायेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश को जोड़ने की नीति के साथ कार्य कर रहे हैं और भाजपा की तोड़ने की नीति अब सफल नहीं होगी।

**दोनो राज्यो में मिलेगी सफलता:** उन्होंने कहा कि कांग्रेसनीत इंडिया गठबंधन को महाराष्ट्र व झारखण्ड दोनों राज्यों में सफलता मिलेगी। गुर्जर ने कहा कि महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव में आम मतदाता कांग्रेस पार्टी के पक्ष में नजर आ रहा है।

**भारी बहुमत से सांसद बनेगी प्रियंका गाँधी:** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी के सहयोगी एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि प्रियंका गांधी की वायनाड से भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित है और प्रियंका गांधी जल्द ही सांसद के रूप में भारतीय संसद में प्रवेश करने जा रही है। इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय तंबोली, पार्षद अंकित बूलीवाल, जीएल टाइगर, एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष किशन नेखाड़ी, संदीप शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य पृथ्वीराज मीणा, जय भाटी, रौनक कुमावत, उदय सोलंकी, बंटी चार्ड, शिवम उपस्थित रहे।

# परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में चल रही सांस्कृतिक मेला में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में चल रही सांस्कृतिक मेला के अंतर्गत बुधवार को भी नृत्य प्रतियोगिताओं का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान देशभर के सभी परमाणु ऊर्जा केंद्रों से आए परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालयों और स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कोरियोग्राफ्ड नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अद्भुत नृत्य कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत सभी नृत्य किसी न किसी सामाजिक समस्या पर आधारित थे और सुंदर संदेश देने का प्रयास कर रहे थे। कुछ नृत्य पौराणिक कथाओं पर आधारित थे, जैसे संपूर्ण रामायण को एक नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। एक नृत्य रावण की असीम शिव भक्ति को दर्शा रहा था, तो दूसरा वसुंधरा के प्रदूषण मुक्ति का संदेश दे रहा था। अन्य नृत्य अंग दान, नशे की लत, नारी सम्मान और गौतम बुद्ध बनने की गाथा को दर्शा रहे थे। इस सांस्कृतिक संगम ने सभी दर्शकों को आनंद की लहरों से भिगो दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रचार्य दिलीप सिंह, उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह, हैड मास्टर पवन कुमार, विद्यालय क्रमांक 2 के प्राचार्य लोकेश जोशी, निर्णायक मंडल के सदस्य प्रमोद व्यास, मंजू भार्गव, गरिमा भार्गव, कविता सक्सेना, बाहर से आए विद्यार्थी, मार्गदर्शक शिक्षक तथा आयोजक विद्यालय के प्रतिभागी विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# चिकित्सा विभाग की राज्यस्तरीयटीम ने चौमहला सीएचसी का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला स्वास्थ केंद्र सी एच सी का चिकित्सा विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया । टीम ने अस्पताल में संचालित होने वाली व्यवस्थाओ व सभी डिपार्टमेंट इकाइयों का गहन निरीक्षण किया । विशेष रूप से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जो संतोष जनक पाया गया ,वही आई पी डि बॉटम में अधिक भीड़ देखी गई ,व जांच लेब में भी सुधार के निर्देश दिए ,जिससे मरीज को जांच में समय नही लगे व समय पर रिपोर्ट मिल सके ,वही सी एच सी में आने वाले वाहनों से रास्ता अवरुद्ध ना हो इसके लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया ,मरीजों के लिए ताजी व शुद्ध हवा में टहलने हेतु पार्क भी बनाया गया ।

## अस्पताल में बढ़ने लगे सर्दी के मरीजः बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित, डॉक्टरों ने दी सावधानी रखने की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** मौसम में हो रहे बदलाव का असर अब सेहत पर दिखाई देने लगा है। सुबह और शाम की ठंड ने लोगों को सर्दी व जुकाम जैसी समस्याओं से जूझने पर मजबूर कर दिया है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस बदलते मौसम के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पताल में सर्दी से पीड़ित मरीजों को लेकर डॉक्टर ने सलाह जारी की हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में सेहत को लेकर सावधानी न बरतने पर लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। पिछले तीन दिनों से जिले में ठंडक बढ़ गई हैं। मौसम में आया बदलाव लोगों को गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर कर रहा है। बदलते मौसम में अस्पतालों की ओ.पी.डी. में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। खासतौर पर कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोग जैसे छोटे बच्चे और बुजुर्ग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्म सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ लोगों को अपने बच्चों एवं बुजुर्गों के खान-पान और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम का सबसे ज्यादा असर अस्थमा के मरीजों पर पड़ता है। इसके अलावा जुकाम, बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, आंखों में जलन और फ्लू जैसी समस्याएं भी तेजी से फैलती हैं। डॉ. सिंह ने लोगों से सर्दी-जुकाम से बचाव के लिए हाथों को बार-बार धोएं और साफ-सफाई का ध्यान रखने की सलाह दी है।

## ट्रक-कार में टक्कर के बाद हाईवे पर हुआ हाईवोल्टेज ड्रामाः दोनों पक्षों में हुई मारपीट, दो लोग हुए घायल; पुलिस ने किया राउंडअप

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** ट्रक और कार में टक्कर होने के बाद हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। जिसमें कार सवार युवक और ट्रक ड्राइवर अपने-अपने साथियों के साथ एक दूसरे से भीड़ गए। दोनों तरफ से लाठी भाटा जंग और मारपीट शुरू हो गई, जो करीब आधा घंटे तक चली। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। वहीं, हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बड़ी मशक्कत के दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। घटना धौलपुर जिले के कोतवाली थाना इलाके में एनएच 44 स्थित मचकुण्ड चौराहे पर मंगलवार शाम को हुई। जानकारी के मुताबिक ट्रक ड्राइवर आगरा की तरफ से ट्रक लेकर आ रहा था। इसी दौरान एनएच 44 पर मचकुंड चौराहे के पास ट्रक कार से टकरा गया। इसके बाद कार सवार कार और ट्रक ड्राइवर के बीच झगड़ा शुरू हो गया। झगड़े के दौरान ट्रक ड्राइवर एवं कार ड्राइवर ने अपने-अपने साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया। दोनों पक्ष के लोग चौराहे पर जमा हो गए। दोनों तरफ से मारपीट और गाली गलौज में शुरू हो गया। जो थोड़ी ही देर में मारपीट और लाठी भाटा जंग में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों में झगड़ा होने से मुख्य चौराहे पर जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उपद्रव कर रहे कुछ लोगों को राउंडअप किया हैं। घटना के दौरान करीब आधा घंटा तक मचकुंड चौराहे पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखा गया।

# यूरिया खाद की किल्लत किसानों पर पड़ रही भारी, किसानों ने कहा- विक्रेता कर रहे कालाबाजारी,प्रशासन ने की दुकानों की जांच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर में यूरिया खाद की किल्लत किसानों पर भारी पड़ रही है। वर्तमान में रवि की फसल बोई जा रही है ऐसे में यूरिया खाद खेतों में डाला जाता है। जिसको लेकर किसान परेशान है और प्रशासन से गुहार लगा रहा है। जिले में यूरिया खाद की रेंक लगने के बाद शहर के दुकानदारों को यह खाद किसानों को वितरण के लिए उपलब्ध कराई गई है।लेकिन हर दुकान पर मांग अधिक होने के चलते परेशानी पैदा हो रही है। ऐसे में किसानों की शिकायत पर उपखंड प्रशासन द्वारा कई दुकानों की जांच की गई है। वहीं कृषि



विभाग की मौजूदगी में यूरिया खाद का वितरण कराया गया है। लेकिन केवल 10त्न किसानों की ही मांग पूरी हो सकी है बाकी किसान मायूस और परेशान है। तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने बताया कि रवि के सीजन में खेतों में फसल उत्पादन के लिए खाद की जरूरत पड़ती है। वर्तमान में सरकार द्वारा डीएपी खाद किसानों के लिए उपलब्ध कराया है। जिसमें धौलपुर जिले की रेंक से बाड़ी को भी यह डीएपी खाद मिला है। खाद बीज की दुकानों पर वितरण के लिए यह खाद भेजा गया है। लेकिन जब किसानों की शिकायत मिली तो शहर के संत नगर रोड स्थित एक दुकान पर जाकर मामले की जांच की है। इस दुकान के मालिक की बेटी की शादी होने के चलते दुकान बंद थी जो कल खोली जाएगी। किसानों को खाद दिया जाएगा साथ में अन्य दुकानों पर खाद का वितरण सही तरीके से हो सके इसको लेकर कृषि विभाग के अधिकारी और राजस्व पटवारी टीम बनाकर पहुंचाहे गए हैं। जिन्होंने अपनी उपस्थिति में किसानों को खाद्य वितरित किया है। सहायक कृषि अधिकारी राममुकुट गुर्जर ने बताया की मांग अधिक है। डीएपी खाद के करीब 2000 बैग दुकानदारों को दिए हैं जो किसानों को दिए जा रहे हैं। जल्द दूसरी रेंक लगेगी तब फिर से वितरण कराया जाएगा। क्षेत्र के किसान प्रभाकर दीक्षित, राममोहन, त्रिलोक चंद, दिनेश कुमार,रामखिलाड़ी आदि ने बताया कि किसान हर वर्ष इसी प्रकार में खाद की किल्लत का सामना करता हैं। सरकार इसकी और कोई ध्यान नहीं दे रही। किसान मेहनत से फसल तैयार करता है। जब खाद देने का समय आता है तो खाद नहीं मिलता। अब 1350 रुपए का एक बैग सरकार की तरफ से दिया जा रहा है लेकिन खाद बीज दुकानदार उसे 1700 और ?1800 में बेचकर कालाबाजारी कर रहे है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है।

# राठौर समाज के सामुदायिक भवन का उद्घाटनः राजाखेड़ा विधायक ने बाउंड्री वॉल

## गेट और शौचालय विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा नगर पालिका क्षेत्र में बुधवार को राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने राठौर समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का निर्माण कस्बे के बिचोला रोड के पास पार्क के पीछे 5 लाख रुपए की लागत से किया गया है। विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण होने से समाज के लोगों को अब अपने छोटे-मोटे कार्यक्रमों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। लोगों की मांग पर विधायक बोहरा ने सामुदायिक भवन की बाउंड्री वॉल, गेट और शौचालय - बाथरूम के विधायक निधि से निर्माण की घोषणा की है।

### स्कूली बच्चों के फर्नीचर के लिए विधायक निधि से होगा काम

कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के अंदर करीब 60 से 70 हज़ार टीचर्स के पद रिक्त चल रहे हैं, जिससे स्कूली बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि राजाखेड़ा में बोर्ड की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों के लिए टेबल-कुर्सी, स्टूल आदि को लेकर एजेंडा तय किया जाएगा। बच्चे फर्नीचर पर बैठकर पढ़ाई कर सके इसके लिए आधे विधायक फंड को इसी कार्य पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में यह प्रयास किया जाएगा कि किसी एनजीओ से बात कर ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा दिलाई जा सके।

### 275 सड़कें बनकर तैयार डामरीकरण का बचा है कार्य

विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि राजाखेड़ा विधानसभा के अंदर करीब 275 सड़कें बनकर लगभग तैयार हो चुकी हैं। जिन सड़कों पर डामरीकरण का कार्य शेष बचा है वह भी शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। राजाखेड़ा की मनिहार गली के अंदर विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से सीसी खरंजा का निर्माण भी किया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित कालीतीर योजना का काम भी शीघ्र ही शुरू होने वाला है। सेंटर से सिर्फ एक एनवायरमेंट क्लीयरेंस बची है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी-बिजली आदि सुविधाऐं मिल सकें इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

विधायक रोहित बोहरा ने हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान समय में धौलपुर जिले की हालत बहुत ही खराब बनी हुई है। धौलपुर जिले को मिलने वाले पानी की सप्लाई में कटौती कर उसे भरतपुर के लिए भेजा जा रहा है इसी के साथ जिले में बिजली की भी कटौती कर भरतपुर जिले को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति कैसे की जा सके इस पर काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित बोहरा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन, अशोक शर्मा, रवि सिकरवार सहित बड़ी संख्या में राठौर समाज लोग मौजूद रहे।

## एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष सतीश चंद के निर्देशन में 20 नवम्बर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक के संबंध में नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने एवं केस टेबिल संधारित किये जाने के निर्देश दिये। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

## महाराज बाग सर्किल पर नाला अवरुद्ध होने से पानी भराव की समस्या, नागरिकों को हो रही परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के महाराज बाग सर्किल पर नाला अवरुद्ध होने से आसपास के दुकानदारों के साथ आमजन और राहगीरों को पानी भराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से नाला चौक है। ऐसे में पानी सड़क पर भर गया है। जिसके चलते महाराज बाग सर्कल से किला गेट की ओर आने वाला रास्ता अवरुद्ध हुआ है साथ में आसपास के क्षेत्र में पानी भराव हो गया है। जिसमें से निकलना मुश्किल हो रहा है। कमलेश्वर मिष्ठान भंडार के संचालक विद्याप्रकाश हलवाई ने बताया कि आए दिन वे और



आसपास के दुकानदार इसी प्रकार की परेशानी का सामना करते है। सुबह हो या शाम अक्सर पानी सप्लाई के दौरान इसी प्रकार का नजारा देखने को मिलता है। नाला अवरुद्ध हो जाने से आसपास का गंदा पानी पूरे चौराहे पर भर जाता है। जिससे तालाब का सा नजारा देखने को मिलता है। इसमें से होकर दो पहिया वाहन और आम राहगीर परेशान होते है और तो और मां राज राजेश्वरी के मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी होती है और पानी भराव के समय दुकानदारी चौपट हो जाती है। महाराज बाग सर्किल पर पानी भराव की समस्या कोई नई नही है। कई वर्षों से लोग उक्त समस्या का सामना कर रहे हैं। जिसके पीछे सड़क के बीच में जो पानी का पासिंग पाइप है वह सकरा है। जिसमें से होकर अधिक पानी नहीं निकल पाता। जब पानी ज्यादा मात्रा में आता है तब उक्त समस्या होती है या पाइप किसी वजह से बंद हो जाता है तो समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर नागरिक कई बार नगर पालिका में शिकायत कर चुके हैं।

**इनका कहना है** – नगर पालिका की सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि महाराज बाग सर्किल पर एक तरफ से दूसरी तरफ जो पाइप डला है। उक्त पाइप सकरा होने के चलते पूरा पानी नहीं निकल पाता। जब पानी ओवरफ्लो होता है तो समस्या हो जाती है। जिसको लेकर बड़ा पाइप डालने पर समाधान हो पाएगा।

## सांख्यिकी अधिकारियों की बैठक आयोजित, ग्राम विकास अधिकारियों को पहचान पोर्टल का प्रशिक्षण देने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उप निदेशक राजेश कुमार की अध्यक्षता में जिले के समस्त ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के पहचान पोर्टल पर लंबित परिवादों का समय पर निस्तारण करने एवं सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों का तय समय पर अपने स्तर से निस्तारित करने व विभाग के द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रकाशन किये जाने वाले फोल्डर एवं रूपरेखा का समय पर तैयार कर जिला स्तर पर भिजवाये जाने के निर्देश दिये जिससे उनका प्रकाशन समय पर किया जा सके। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री ई-ग्राम



परियोजना जिसमें गाँव-गाँव तक राजकीय सुविधाओं की स्थिति और जनता के द्वारा उनके उपयोग को मॉनिटर करने के लिये ई-ग्राम प्रणाली विकसित की गई, जिसके जरिये किसी भी समय ऑनलाइन सरकारी सेवाओं एवं सुविधाओं की स्थिति को जाना जा सकता है। जिसमें वर्ष 2024-25 का समस्त डाटा दिसम्बर माह तक शत-प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिये। जिले का वर्ष 2023-24 का शत प्रतिशत डाटा दर्ज किया जा चुका है जिसे आमजन ई-ग्राम की वेबसाईट पर जाकर देख सकते हैं एवं ब्लॉक के सभी सांख्यिकी अधिकारीयों को निर्देशित किया कि समय-समय पर ब्लॉकों में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों को पहचान पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जाये एवं अटल सेवा केन्द्रों पर होर्डिंग व बोर्ड आदि लगाकर प्रचार-प्रसार करें एवं इनके लिये मृत्यु एवं जन्म के प्रपत्र मांग अनुसार उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** निदेशालय बाल अधिकारिता विभाग जयपुर के निर्देशानुसार नगर परिषद सभागार में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस का आयोजन कर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय 1989 को याद किया गया, जिसमें बच्चों के चार अधिकार जीवन का अधिकार, विकास अधिकार, संरक्षण का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार प्रतिपादित किये गए। डीसीपीयू के केयर अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रेखा यादव रहीं, जिनके द्वारा बच्चों के संबंध में विभिन्न कानूनों में प्रदान किये गए संरक्षण, शी-बॉक्स पोर्टल, एफआईआर की प्रक्रिया के बारे में बताया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता, काउंसलिंग एवं बाल पीड़ितों को नालसा एवं रालसा स्कीम के तहत प्रदान की जाने वाली पीड़ित प्रतिकर स्कीम की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड राकेश कुमार परमार द्वारा बोर्ड की कार्यप्रणाली समझाते हुए किशोर न्याय अधिनियम के विषय में व्याख्यान दिया। अतिविशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाउदायल शर्मा ने बताया कि बच्चों में आत्मविश्वास का होना बहुत आवश्यक है, तभी वे अपने अधिकारों को संरक्षित रखते हुए जीवन में आगे बढ़ सकते हैं एवं विद्यालयों में किये गए हैल्पलाइन अंकन कार्य के बारे में बताया। सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई विश्व देव पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा समझाते हुए कहा कि विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार 15 बालिका विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में बालकों की जन्मतिथि में परिवर्तन कर बाल विवाह जैसे गैर कानूनी कार्य करने की परंपरा समाज में पनप रही है, जिसे शीघ्र ही समाप्त करने की आवश्यकता है। यूआईडीएआई के अनुसार आधार कार्ड जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है एवं विद्यालय रिकॉर्ड में दर्ज जन्म तिथि ही प्राथमिक दस्तावेज है। महंत हनुमान दास ने बताया कि बच्चों को किसी अपराध को सहन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे अपराधियों को शह मिलती है और





अपराध बढ़ते हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर हरवेन्द्र शर्मा द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल शोषण विषय पर हैल्पलाईन 1098 की कार्यप्रणाली समझाई गई। कार्यक्रम में कारा एडोप्शन मूवी, गुड टच बैड टच से संबंधित कोमल मूवी, बाल श्रम से संबंधित एजूकेशन काउंट्स मूवी एवं एनसीपीसीआर द्वारा जारी पॉक्सो वीडियोज का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। मयूरी विशेष विद्यालय तथा एवीएम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह रामराज मीणा, धर्मगुरू, सामूहिक विवाह आयोजनकर्ता संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रिंटिंग प्रेस एवं मैरिज होम संचालक, स्कूली बच्चे एवं एनजीओ जन साहस, मंजरी फाउंडेशन आदि के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## 4 इनामी बदमाश सहित 312 लोग गिरफ्तारःपुलिस ने चलाया विशेष अभियान

### तनाव कम करने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस ने पिछले एक महीने में अवैध गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में गत एक महीने में 25 हजार रुपए के 2 इनामी चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल 312 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके साथ ही अवैध खनन, शराब और हथियारों को लेकर भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई हैं। जिले में अवैध शराब को लेकर पिछले एक महीने में धौलपुर पुलिस ने 34 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। अवैध हथियारों के मामले में पुलिस ने एक माह में अलग-अलग मामले दर्ज कर 16 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 16 अवैध हथियार और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। बदमाशों के खिलाफ चलाए गए एक माह के अभियान में पुलिस ने 25 हजार के दो इनामी सहित चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने एक माह में अवैध मादक पदार्थ के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर 3 किलो 955 ग्राम गांजा बरामद किया है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि गत महीने में जुआ के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया था। जिसमें जुआ सट्टे के मामले में 236 लोगों को गिरफ्तार कर 5 लाख 45 हजार 260 रुपए की जुआ राशि बरामद की है।

अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 मामले दर्ज कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 21 वाहन जब्त कर 128 टन बजरी और पत्थर को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने गलत माह साइबर फ्रॉड के मास्टरमाइंड के साथ हनी ट्रेप के मामले में भी दो महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि पुलिस के तनाव को कम करने के लिए गत महीने खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया था। इसके साथ ही जिले के शहीद पुलिस कर्मियों की याद को ताजा रखने के लिए उनकी फोटो एसपी ऑफिस के मुख्य हाल में लगवाए गए हैं।

# अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दो बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कालवाड़ थाना पुलिस ने एक युवक को अपहरण फिरौती मांगने वाले दो बदमाशों को दबोच लिया। फिलहाल इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल बरामद की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों को पकड़ने में सफल रही है। थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि अपहरण फिरौती मांगने के मामले में आरोपित प्रभुदयाल उर्फ बाबू शूटर व आसीन खान को किया गिरफ्तार। पुलिस इस मामले में फरार गज्जू बन्ना और राहुल की तलाश कर रही है। यह मामला चार दिन पुराना है।गौरतलब है कि खातियों का मोहल्ला भम्भौरी निवासी श्रवण कुमार ने मामला दर्ज करवाया था कि वह बाजार गया था वहां पर कार लेकर बाबू शूटर, आसीन खान, गज्जू बन्ना और राहुल आए। आरोपियों ने उससे अकेले में बातचीत करने को कहा और कुछ दूर लेकर जाकर उसे कार में जबरन पटक कर ले गए। रास्ते में आरोपियों ने उससे पचास हजार रुपए की फिरौती मांगी। इस पर पीड़ित ने परिजनों से बातचीत कर खुद के मोबाइल में ऑनलाइन दस हजार रुपए डलवाए।

# श्रीमद् आदिनाथ जिन बम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ

## सांसद सीपी जोशी सहित गणमान्य जन व बड़ी संख्या में धर्मावलंबी हुए शामिल





बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** सकल दिगंबर जैन समाज एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तत्वावधान में कैलाशपुरी मधुबन में नवनिर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिन बम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के अंतर्गत बुधवार को प्रातः भावेश शोभायात्रा अयोध्या नगरी स्थित अयोध्यापुरी पांडाल में पहुंची। जहां प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तंड, राष्ट्र संत मुनि सुनील सागर जी महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठा पांडाल का उद्घाटन, महाध्वजज स्थापना, जिनेंद्र अभिषेक, प्रतिष्ठा, मंगल कलश यह मंगल कलश, अखंड दीप स्थापना आदि के आयोजन और मुनिश्री का पाद प्रक्षालन भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी के आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर सांसद सीपी जोशी ने आचार्य श्री सुनील सागर जी के सानिध्य में चित्तौड़गढ़ में आयोजित हो रहे भव्यतम समारोह को मेवाड़ का गौरव बताते हुए कहा कि आचार्य श्री की प्रेरणा से ही जन सेवा के दायित्व को निभाने का संबल मिल रहा है। उन्होंने मुनि श्री का वंदन किया, शोभायात्रा, पाद प्रक्षालन के साथ ही आहार सेवा में भी शामिल हुए । प्रवचन सभा में आचार्य सुनील सागर जी ने विश्व के परिप्रेक्ष्य में शाकाहार का महत्व बताया। आपने शाकाहार व अहिंसा को विश्व शांति का मूल मंत्र बताया और भगवान महावीर के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। प्रतिष्ठाचार्य महावीर जैन गिंगला द्वारा विभिन्न विधान करवाए गए। महोत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ज्ञान सागर जैन, महासचिव महावीर रमावत, सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष पारस कुमार सोनी, महामंत्री रमेश अजमेरा, संरक्षक मंडल के राजकुमार गदिया, भागचंद्र जैन, महेंद्र कुमार टोंगिया, ओमप्रकाश गदीया, बसंतीलाल वेद, डॉ नेमीचंद अग्रवाल, घीसू लाल बड़जात्या, ओमप्रकाश बज, ओम प्रकाश अजमेरा, डॉ उमेश सिंघई, महावीर प्रसाद सेठी सहित समाजजनों ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ ज्ञान सागर व डॉ नेमीचंद अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार 21 नवंबर को गर्भ कल्याणके के अंतर्गत प्रातः 6.00 बजे ध्यान – प्रार्थना व शांति जाप्य, 6=30 बजे जिनेंद्र अभिषेक व शांति धारा, 7.00 बजे शांति हवन और 7.30 बजे गर्भ कल्याणके पूजा विधान प्रतिष्ठाचार्य महावीर गिंगला द्वारा करवाए जाएंगे । उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठा मंडप से शोभायात्रा, शिखर और वेदी शुद्धि प्रतिष्ठा गुरुवार को प्रातः 10.00 बजे होगी। जबकि दोपहर 12.30 बजे शांतिनाथ महामंडल विधान, 2.00 बजे तीर्थंकर माता की गोद भराई होगी, सायं काल 5.00 शोभायात्रा तत्पश्चात प्रभु आरती और सायंकाल 7.30 बजे प्रतिष्ठाचार्य द्वारा शास्त्र का उद्बोधन किया जाएगा। जबकि गुरुवार सुबह 9.00 बजे एवं सायंकाल 4.00 बजे आचार्य श्री सुनील सागर जी के प्रवचन होंगे।




## मंगलमयी शोभायात्रा के साथ ही छह दिवसीय पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** आचार्य श्री आदिसागर जी (अंकलीकर) परंपरा के चतुर्थ पट्टाचार्य आचार्य श्री सन्मति सागर जी मुनिराज के लघुनंदन, प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से एवं सकल दिगम्बर जैन समाज व पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तत्वाधान में नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ बुधवार सुबह आचार्य श्री विद्यासागर मांगलिक धाम से प्रारम्भ शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया है। यह समारोह 20 से 25 नवम्बर तक कैलाशपुरी मधुवन स्थित अयोध्या नगरी में आयोजित किया जा रहा है। मंगल विधान प्रतिष्ठाचार्य महावीर जैन गींगला के कर कमलों द्वारा सम्पन्न कराये जायेंगे। पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन के तहत आचार्य श्री सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ 19 नवम्बर को दुर्ग स्थित सात बीस देवरी मंदिर पधारे तथा वहाँ से बुधवार सुबह मांगलिक धाम पधारे। आचार्य श्री के पधारने के साथ ही मांगलिक धाम से शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा जैन मांगलिक धाम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई प्रतिष्ठा स्थल कैलाशपुरी मधुवन (अयोध्या नगरी) पहुंची। जहां ध्वजारोहण, गर्भ कल्याण (पूर्वार्द्ध) के तहत महाध्वज स्थापना, प्रतिष्ठा पाण्डाल का उद्घाटन, जिनेन्द्र अभिषेक, प्रतिष्ठा मंगल कलश, याग मण्डल कलश, जाप्य कलश स्थापना, अखण्ड दीप स्थापना, पाद प्रक्षालन, आचार्य श्री के मंगल प्रवचन एवं आशीर्वाद आदि के साथ छह दिवसीय मांगलिक आयोजन होंगे। शोभायात्रा में अहिंसा रथ के साथ ही पन्द्रह बग्गियां, दो हाथी, पांच ऊँट गाड़ी सहित तीन बैण्ड आकर्षण के केन्द्र रहे। धर्मावलम्बी पारम्परिक वेशभूषा मे शोभायात्रा मे शामिल रहे। यह महोत्सव गहन आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। वहीं पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत आयोजित अनुष्ठानों ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान की। छह दिवसीय यह आयोजन समूचे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और भव्य धार्मिक अवसर है।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के बेहतर कैरियर निर्माण के लिए होगी महत्वपूर्ण : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ब्यावर उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया । इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि उपखंड अधिकारी श्री बुढ़ानिया भारतीय प्रशासनिक सेवा के होनहार व प्रतिभाशाली अधिकारी है। इनका विजन एवं अनुभव प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को लिए पुस्तक के माध्यम से अहम साबित होगा । जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी श्री बुढ़ानिया को पुस्तिका प्रशासन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उपखंड अधिकारी ने पुस्तक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए स्वयं मेरे द्वारा व आरएएस अधिकारी श्रीमती अनुप्रिया द्वारा यह पुस्तक लिखी गई है । दो पुस्तकों में राजस्थान का भूगोल, अर्थव्यवस्था, राजव्यवस्था, इतिहास, कला व संस्कृति के पूर्व की परीक्षा में पूछे गए प्रश्न समाहित है । श्री बुडानिया ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में 13वीं रैंक व राजस्थान प्रशासनिक सेवा में 12वीं रैंक प्राप्त की । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मोहनलाल खटनावलिया, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र वैष्णव सहित अन्य मौजूद रहे ।

# बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी,( नि.स. )।** बूंदी महोत्सव-2024 के तहत कुंभा स्टेडियम में आयोजित 10 दिवसीय बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का शुभारंभ बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने किया। इस मौके पर नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक भैरू प्रकाश नागर, मुख?य चिकित?सा एवं स?वास?थ?य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, डीपीएम जगजीवन कौर, सहायक पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, उद्यमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर ने मेला परिसर में लगाई गई स्टालों का निरीक्षण भी किया। जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक संजय भारद्वाज ने बताया कि मेले में राज्य के विभिन्न जिलों के हस्तशिल्पी, दस्तकार, लघु उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन कर रहे है। मेले में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, बिहार एवं गुजरात के उद्यमी आ चुके है। मेले में लगभग 160 स्टाले लगाई गई है। इनमें विभिन्न विभागों की स्टाले भी शामिल है। मेल में अमृता हाट बाजार भी लगाया गया है।

**शिल्पग्राम में दिखी ग्रामीण अंचल की झलक :** बूंदी महोत्सव के तहत कुंभा स्टेडियम में आयोजित बूंदी उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला परिसर में सजाये गए शिल्पग्राम में ग्रामीण अंचल की झलक दिखने को मिली। और मेला परिसर में सजे शिल्पग्राम का बुधवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने शुभारंभ किया। जिला कलक्टर ने शिल्पग्राम में प्रदर्शित ग्रामीण अंचल की झलक की सराहना की। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की रजनी दीदी, अलका दीदी, गीता दीदी, सोनम दीदी, खुशराज, रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटौदी, मंजू जिंदल, राजेंद्र भारद्वाज, मंजूषा याज्ञनिक, आलोक

### शिल्पग्राम में दिखी ग्रामीण अंचल की झलक



विजय, ओम जैन, विष?णु सिंह, रूकमणि जाजू, अंजू अजमेरा, सीमा गर्ग, वीना भाटिया, बाबी भाटिया, गणपत चौधरी, सत्यवान शर्मा, अशोक शर्मा तलवास, पुरुषोत्तम पारीक, के.सी.वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बूंदी उत्सव के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा, केशोरायपाटन में हुआ समापन



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन/बूंदी( सुनील मेघवाल )।** बूंदी जिले के केशोरायपाटन में आयोजित बूंदी उत्सव के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में स्कूल के बालक और बालिकाएं विभिन्न वेशभूषाओं में नजर आए। शोभायात्रा में गंगा समान मानी जाने वाली चर्मण्वती गंगा नदी की मां की आरती के साथ बूंदी उत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम में केशोरायपाटन नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैया लाल कराड, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि और कुछ पार्षद उपस्थित रहे। हालांकि, नगर पालिका के ज्यादातर पार्षदों और आम जनता में प्रचार-प्रसार के अभाव के कारण दूरियां बनी रहीं। कार्यक्रम में नगर पालिका स्टाफ, स्कूल स्टाफ, तहसीलदार, पुलिस प्रशासन और अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस जाप्ता भी मौजूद थे।

## शत प्रतिशत गांवों, विद्यालयों व आंगनबाड़ी में नल कनेक्शन कर हर घर जल उपलब्ध कराना करे सुनिश्चित : जिला कलेक्टर

### उपखंड स्तर पर एक रिजर्व बांध की तलाश करने, हैंडपंप या अन्य क्षतिग्रस्त जल संसाधनों की कमेटी बनाकर दुरुस्त करने सहित दिए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने कहा कि जिले के शत प्रतिशत गांवो, विद्यालयों व आंगनबाड़ी में नल कनेक्शन कर हर घर जल पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि पानी का वितरण निर्धारित पॉलिसी व नियमित अंतराल में हो एवं नल कनेक्शन का कार्य पूरा होने के बाद ही हैंडओवर, टेकओवर की कार्रवाई करें। जिला कलेक्टर बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे । उन्होंने जल जीवन मिशन व अन्य गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पेयजल टंकी, हैंडपंप व अन्य क्षतिग्रस्त संसाधनों का कमेटी गठित कर सर्वे करवाया जाए ताकि उन्हें दुरुस्त करने की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यों के लिए टेंडर की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन हो एवं इसे वेबसाइट पर डालें जिससे कि पारदर्शिता बनी रहे । उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त उपखंड स्तर पर एक रिजर्व बांध की तलाश करना शुरू करें जो कि भविष्य में पेयजल आपूर्ति के लिए आरक्षित रखा जा सके। उन्होंने इंप्लीमेंट सपोर्ट एजेंसी द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों विलेज एक्शन प्लान, खाता खुलवाने, पीआरए गतिविधियां करवाने, स्कूल में रैली सहित अन्य की समीक्षा की ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने कहा कि पेयजल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की शिकायत प्राप्त होते ही विभागीय अधिकारी त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें । जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य सचिव धनाराम चौहान ने जिले में जल जीवन मिशन सहित अन्य कार्यों की प्रगति से प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला कलेक्टर को अवगत कराया । उन्होंने बताया कि https://ejalshakti.gov.in/ साइट पर नल कनेक्शन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# देवमाली ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की सुनी परिवेदनाएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन को भी समस्त सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के दिए निर्देश





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत बुधवार को जिले मसूदा क्षेत्र के दौरे रहे । जिला कलेक्टर ने मसूदा की देवमाली ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन की परिवेदनाएं व समस्याएं सुनी। रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन पहुंचे । उन्होंने जिला कलेक्टर के समक्ष अतिक्रमण,साफ सफाई,बिजली, पानी, खाद्य सुरक्षा एवं पट्टे इत्यादि से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखी। जिला कलेक्टर ने सभी परिवेदनाओ को प्रभावी रूप से सुन ज्यादातर परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया । जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर कहां कि अन्नपूर्णा रसोई का पूर्व की तरह पुनः संचालन करें इसके लिए उन्होंने विकास अधिकारी को आगामी दो-तीन दिन में पुनः संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में ग्रामीणों की सुनवाई की। ग्रामीणों ने कहा कि देवमाली राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट टूरिज्म में सम्मिलित हुआ है इसके लिए ग्राम में सुविधाएं विकसित किया जाए। इसके लिए जिला कलेक्टर ने ग्रामीण को आश्वस्त किया है कि जल्द ही रोप वे, टूरिज्म सर्किट बनाने व अन्य प्रस्ताव को उच्च स्तर पर प्रेषित किया जाएगा । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्याओं या शिकायतो की जानकारी प्राप्त होते ही त्वरित रूप से निस्तारण करें । उन्होंने कहा कि कार्यालय समय में उपस्थित होकर आमजन की परिवेदनाएं सुने व उनके कार्यों का निस्तारण करें, लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए । उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर माह के प्रथम गुरुवार को, ब्लॉक स्तर पर माह के दूसरे गुरुवार को एवं जिला स्तर पर माह के तीसरे गुरुवार को जनसुनवाई की जाती है । जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करें एवं आमजन के किसी भी लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें । इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह सहित समस्त विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत मुकुनपुरिया में आयोजित हुई रात्रि चौपाल, जिला कलक्टर नमित मेहता तथा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** मांडलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुकुनपुरिया में मंगलवार को आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने जनसुनवाई की। इस दौरान इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा और समाधान की मांग की। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को

### मौके पर ही समस्याओं के समाधान के अधिकारियों को दिए निर्देश

आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था की जानकारी ली।

जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की सलाह दी। जनसुनवाई में त्रिवेणी से सिंगोली रोड पर मेनाली नदी पर पुलिया बनाने, राजकीय विद्यालय भवन मुकुनपुरिया से बिजली की 11 हजार केवी की लाइन को हटाने का परिवाद आया, जिस पर बिजली विभाग के अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुकुंनपुरिया में रोड पार करते समय और बच्चों को आने जाने में हादसा होने की संभावना रहती है इसलिए स्कूल के बाहर स्पीड ब्रेकर बनाया जाएं। जिला कलेक्टर ने 2 से 3 दिन में स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए।एक ग्रामीण ने ग्राम लालपुरा में खेत पर जाने का रास्ता संबंधी प्रकरण रखा। बरूखेड़ा में आंगनवाड़ी खुलवाने की परिवेदना रखी। इस पर आईसीडीएस के अधिकारी ने सर्वे करवाकर आवश्यक कारवाई की बात कही। जिला कलक्टर ने कहा कि निर्धारित मानकों की पालना पर या क्षेत्र में विशेष आवश्यकता होने पर आंगनबाड़ी का प्रस्ताव अनिवार्य रूप से भिजवाया जाएं।

ग्रामीण शंकर ने राजस्व खाते में बंटवारा करवाने का परिवाद रखा। मौके पर गिरदावर को आवश्यक निर्देश दिए। श्मशान घाट मुकुंदपुरिया, नील की खेड़ी राजस्व ग्राम में श्मशान घाट को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए उपखंड अधिकारी को आवश्यक कारवाई के निर्देश दिए।राजकीय प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण करने के लिए 21 नवम्बर तक बीडीओ को प्रस्ताव भिजवाने को कहा।

# सीएमएचओ ने देलवाड़ा में विजिट कर समुदाय में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( नि.स. )।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल देलवाड़ा सेक्टर के ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर समुदाय में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणो से फिड बैक लिया। साथ ही संदिग्ध मिजल्स केस को लेकर मरीज के घर विजिट कर सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने विभागीय संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वयन का अवलोकन किया तथा आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत ईकेवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत उपलब्धी हांसिल करने के लिये निर्देशित किया।

उन्होंने क्षेत्र में टीकाकरण के कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करते हुए शत प्रतिशत कवरेज के लिये निर्देशित किया। उन्होंने देलवाड़ा ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उपस्वास्थ्य केन्द्रो पर साफ - सफाई एवं स्वच्छता के लिये निर्देशित किया तथा योजनाओं के पात्र परिवारो से संपर्क में रहने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने स्थानिय आशा सहयोगिनीयों से आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये निर्देशित किया।

भ्रमण में उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ जीवन प्रकाश सिमलावत , खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल चौधरी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता पिंकी शर्मा, जीएनएम मुकेश सालवी, आशा महेन्द्रा पालीवाल उपस्थित थे।

### टीकाकरण का कवरेज शत प्रतिशत करने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देंवे

स्वास्थ्य भवन में टीकाकरण को लेकर संचालित प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने टीकाकरण का कवरेज शत प्रतिशत करने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिये निर्देशित किया तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को फिल्ड विजिट में टीकाकरण का वेरीफिकेशन भी करने के लिये निर्देशित किया।



प्रशिक्षण में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने टीकाकरण के पश्चात होने वाले प्रतिकूल परिणामों की रिपोर्टिंग एवं क्वालिटी मेनेजमेंट सिस्टम इन एईएफआई सर्विलांस एट इम्यूनाइजेशन सेशन साईट लेवल जैसे विषयो पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में डब्लूएचओ की सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ स्वाति मित्तल ने भी विभिन्न प्रजेन्टेशन के माध्यम से टीकाकरण साईट पर गुणवत्ता को लेकर आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी, कार्मिक उपस्थित थे।

## अवैध खनन परिवहन करने पर डंपर जब्त: रेलमगरा पुलिस ने नाथद्वारा रोड़ पर जब्त किया डंपर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में अवैध खनन से भरे डंपर को पुलिस ने जब्त किया। राजसमंद में अवैध खनन व अवैध खनन परिवहन करने वाले माफियाओं के खिलाफ पुलिस का धर पकड़ अभियान जारी है। इस क्रम में रेलमगरा पुलिस को अवैध खनन से भरे डंपर को जब्त करने में सफलता मिली। रेलमगरा पुलिस थाना इंचार्ज प्रभु सिंह चुंडावत के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में रेलमगरा पुलिस की विशेष पुलिस का गठन कर थाना सर्कल में अवैध बजरी माफियाओं के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। वही पुलिस की टीम ने अवैध खनन परिवहन के संभावित मार्गो पर लगातार निगरानी बनाए रखी जिसके बाद रेलमगरा से नाथद्वारा रोड़ पर खनन से भरे डंपर रूकवा कर जांच की।पुलिस ने डंपर चालक सोहन लला भील पुत्र चतरा भील निवासी सांसेरा से पूछताछ चालक के पास खनन परिवहन से संबधित व वाहन से संबधित कागजात नही मिलें। जिसके बाद पुलिस ने खनन को अवैध मानते हुए डंपर जब्त कर पुलिस थाने खड़ा करवाया। पुलिस की जांच में डंपर के मालिक का नाम भेरू पुत्र पन्नालाल जाट निवासी लड़पचा सामने आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही के लिए माइनिंग विभाग को सूचना दी।

## यूजीसी नेट दिसंबर परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू, 1 से 19 जनवरी तक होगा एग्जाम

बढ़ता राजस्थान

**जालोर ( नि.स. )** । यूजीसी नेट दिसंबर 2024 सत्र के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 19 नवंबर 2024 से शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवार 10 दिसंबर 2024 तक आधिकारिक वेबसाइट ह्वद्दष्ठठ्ठद्ग.ठ्ठह्लड्ड.ड्डश्.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2024 है। आवेदन पत्र में सुधार के लिए 12 और 13 दिसंबर 2024 को सुधार विंडो उपलब्ध होगी। यह परीक्षा 85 विभिन्न विषयों के लिए आयोजित की जाएगी और कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित होगी, जिसमें दो पेपर होंगे। विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

### महत्वपूर्ण तिथियां

**आवेदन शुरू होने की तारीख- 19 नवंबर, 2024**
**आवेदन की अंतिम तिथि- 10 दिसंबर, 2024**
**शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि- 11 दिसंबर, 2024**
**परीक्षा की तिथियां- 1 से 19 जनवरी, 2025**

## कलेक्ट्रेट में दिखाई दे रही प्रमुख पर्यटन स्थलों की दिखेगी झलक



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद,( नि.स. )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर तैयार बड़ी साइज की तस्वीरों को लगाया गया है, ताकि यहाँ आने वाले लोग जिले के प्रमुख स्थलों को जान सकें और कलेक्ट्रेट न सिर्फ आमजन के काम-काज, समस्याओं के समाधान का, बल्कि पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार का भी जरिया बने।कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों और संस्थाओं के सहयोग से कुंभलगढ़ दुर्ग, कुंभलगढ़ वन्य जीव अभयारण्य, नौ चौकी पाल, अन्नपूर्णा माता मंदिर, नन्दसमंद बांध, बाघेरी नाका बांध, हल्दीघाटी, महाराणा प्रताप स्मारक, चेतक समाधि, भील बेरी जल प्रपात, प्रमुख उद्योग सहित कई प्रमुख स्थलों की तस्वीरें लगाई गई है। इन तस्वीरों के लगने के बाद कलेक्ट्रेट की आभा में निखार आया है और पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार भी हो रहा है।इसके साथ ही आमजन को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए परिसर में रंग रोगन भी कराया गया है, हर कोने में सफाई, गार्डन की नियमित क्लीनिंग, रखरखाव, समुचित पार्किंग आदि भी सुनिश्चित की जा रही है।

## भरतपुर में व्यापारियों का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ उग्र विरोध, मुख्यमंत्री के पुतले की शवयात्रा निकाली




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** सीएम सिटी बुधवार को उस समय विरोध और तनाव का केंद्र बन गई, जब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों ने सीएम भजनलाल शर्मा के पुतले की शवयात्रा निकालकर उसे जलाया। यह असामान्य विरोध प्रदर्शन नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के बाद सामने आया, जो सुबह 5 बजे से 9 बजे तक चली। इस अभियान में मुख्य बाजार क्षेत्र में दुकानों के बाहर के अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। नगर निगम की इस कार्रवाई की खबर फैलते ही व्यापारियों में भारी असंतोष फैल गया। कई दुकानदार इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए सड़कों पर उतर आए और जोरदार प्रदर्शन किया। हालात इतने तनावपूर्ण हो गए कि व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के पुतले की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर विरोध जताया। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। व्यापारियों ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब वे सो रहे थे, तब उनकी दुकानों के शटर तोड़कर और बेंच हटा दी गईं।

# जिला कलक्टर ने बोरटा ग्राम में की रात्रि चौपाल

### रात्रि चौपाल में प्रस्तुत परिवादों को सुनकर उनका मौके पर करवाया समाधान

बढ़ता राजस्थान

**जालोर ( फौजाराम मेघवाल )** । जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को भीनमाल उपखण्ड के बोरटा ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।




रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर भीनमाल के अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी, भीनमाल तहसीलदार नीरज कुमारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव सुथार सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएम इंदिरा गांधी की जयंती मनाई, कांग्रेसी बोले देश को अंतरराष्टीय स्तर पर दिलाए पहचान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई।

जिला कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि सर्वप्रथम स्व इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए, तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने इंदिरा गांधी को आयरन लेडी बताते हुए उन्हें मां दुर्गा का अवतार भी बताया। सूपा ने कहा कि गांधी ने अपनी ताकत, प्रभाव एवं कार्यक्षमता की बदौलत देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिलाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूपा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का भी आवाहन किया। संगोष्ठी में साहब सिंह एडवोकेट, सतीश सोगरवाल,जगदीश बंजी,रमेश धावई,राजीव कुम्हेर,हरस्वरुप शर्मा, श्यामसिंह गुर्जर आदि वक्ताओं ने गांधी के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने आधुनिक भारत के नवनिर्माण में महती भूमिका निभाई तथा अपने प्रभाव एवं कुशल प्रबंधन की विश्व में अमिट छाप छोड़ते हुए देश हित में अपनी जान की कुर्बानी दी। संगोष्ठी का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीभगवान कटारा,दीनदयाल जाटव, , मनोज शर्मा, भारत गादोली, अजयपाल दारापुरिया, पार्षद मुकेश जाटव, हरीसिंह नागर,अशोक लवानिया,प्रेम प्रजापत, निरंजन जघीना, पार्षद चतर सैनी,गिरीश जौहरी, शुभम सैनी, अवधेश शर्मा, दिगंबर खटाना, किशन जायसवाल,जीवनलाल शर्मा, नदीम मलिक, रमा, सुरेश पदयात्री,बृजेश सेवादल , उपेंद्र चंदेला, सुखदेव चौधरी,वीरेंद्र नागर,विमलेश, नीतू, नवल काका, जाकिर हुसैन, इंदुशेखर शर्मा,दिनेश सोगरवाल सहित अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# पत्रकार सुरक्षा की माँग को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** राज्य में आये दिन पत्रकारों के साथ मारपीट की घटनाओं की बढोतरी को लेकर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जनर्लिस्ट के जिला अध्यक्ष उमेश लवानियाँ के नेतृत्व में जिला ईकाई द्वारा मुख्यमत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गत दिनों टोंक जिले के अलीगढ गांव में आपके मंत्री परिषद के सदस्य डॉ. किरोडी लाल मीणा की उपस्थिति में पीटीआई के रिपोर्टर अजीत सिंह शेखावत एवं उनके कैमरामेन धर्मेन्द्र के साथ कवरेज के दौरान भीड द्वारा उनको घेर कर मारपीट की गई और माइक कैमरा एवं मोबाइल तोड दिया और उसे जला दिया। इस पर शेखावत द्वारा डॉ0 किरोडी लाल मीणा से गुहार लगाई गई वमुश्किल कैमरामैन धर्मेन्द्र को भीड से छुडाया गया। इस घटना ने एक बार फिर पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे को सामने खडा कर दिया है। पत्रकारों के साथ जिन



लोगों द्वारा मारपीट की गई उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित कर राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जावे जिससे पत्रकार राज्य में निस्पक्ष एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निवर्हन कर सकें। संगठन ने पुरजोर अपील की है तथा राज्य में शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की माँग की है। इस मौके पर गोविन्दशरण शर्मा, विजय सिंह चौहान, मुकेश कुमार, ललतेश कुशवाह, मनीष शर्मा, रवि वर्मा, दिनेशचंद शर्मा, अनिल चौधरी, आशीष वर्मा, राहुल राणा सहित अनेक पत्रकार मौजूद थे।

# अमृता हाट का अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा द्वारा किया शुभारम्भ






बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,** (आशीष वर्मा)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को संभाग स्तरीय अमृता हाट का अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा द्वारा शुभारम्भ किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ने हाट में लगी सभी स्टॉलो का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समुहों द्वारा तैयार उत्पाद शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण होते है। प्रदेशभर के सभी जिलों के समूहों द्वारा अमृता हाट में भागीदारी किये जाने से भरतपुर के नागरिकों को एक ही स्थान पर हर जिले के विशेष उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आज महिलाऐं स्वयं सहायता समुह के साथ कार्य करते हुए नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ समूह के माध्यम से अपने उत्पादों की पहचान बनाने के लिए अमृता हाट मेले का आयोजन किया जाता है। महिला अधिकारिता के उप निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि अमृता हाट में राज्य के सभी जिलों से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व महिला आर्टिजन्स द्वारा स्वरोजगार हेतु निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टॉल लगायी गयी है, जिसमें ऑचल एसएचजी, जयपुर के द्वारा बैडसीट, सरस्वती एसएचजी, झालावाड एवं तरन्नुम एसएचजी द्वारा कोटाडोरिया की साडी, राधा रानी एसएचजी, भरतपुर के द्वारा टेरीकोटा मिट्टी के हस्तनिर्मित उत्पाद, जयसंतोषी माता एसएचजी, नागौर द्वारा नमकीन, मगोडी, पापड आदि, पंकज एसएचजी, लक्ष्मणगढ, सीकर द्वारा जूती, चप्पल की स्टॉल मुख्य आर्कषण के केन्द्र रहे। इसके अतिरिक्त हाट में अन्य स्वयं सहायता समूहो के द्वारा गोबर निर्मित उत्पाद, पर्स, सूट, ठाकुर जी की पोशाक, हेण्डीक्राफ्ट आईटम, खिलौने, ज्वैलरी, अचार, पापड, मुरब्बा, चूडी, बैग, गरम मसाला, चूरन, सुपारी, फास्ट फूड आईटम आदि उत्पादो की स्टॉल लगायी गयी है। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ कुम्हेर महेन्द्र अवस्थी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गौरव कपूर, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक सी.एम. गुप्ता, पीएनबी सर्किल हैड प्रमोद कुमार, पीएनबी एलडीएम प्रशान्त कुमार, पीएनबी आरसेटी उपेन्द्र आदि उपस्थित रहे।



# एक्टर नहीं साइंटिस्ट बनना चाह रहे थे शाहरुख

## बोले- एक्टिंग की कोई प्लानिंग नहीं थी, फेलियर होने पर बाथरूम में रोता हूं

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने दुबई ग्लोबल समिट के दौरान अपने एक्टिंग करियर को लेकर खुलासा किया। शाहरुख ने कहा कि एक्टिंग करना उनका लक्ष्य नहीं था। वे साइंटिस्ट बनने के लिए पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन पिता के निधन के बाद उन्होंने साइंटिस्ट बनने की पढ़ाई छोड़ दी। उसके बाद उन्होंने कॉमर्स और मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई की। इस दौरान उन्होंने फेलियर के बारे में भी बात की। शाहरुख ने कहा कि फेलियर होने पर बाथरूम में बहुत रोता हूं।

अपने एक्टिंग करियर के बारे में बात करते हुए शाहरुख खान ने कहा- एक्टिंग की दुनिया में एंट्री की कोई प्लानिंग नहीं थी। कई बार लगता है कि जो पढ़ाई मैंने की, उसका एक्टर बनने से कोई वास्ता नहीं था। टेलीविजन भारत में तब आया ही था और वे मुझे 1,500 रुपए मिल रहे थो, जो कि उस समय मेरे लिए काफी बड़ी रकम थी।

शाहरुख खान ने टेलीविजन के दौर का खुलासा करते हुए कहा- एक दिन अपने स्कूटर से घर जा रहा था। दो महिलाएं मुझे देखकर चिल्लाने लगीं। उनकी खुशी देखकर मैंने खुद से कहा कि मुझे मुझे यही करना है। मुझे लोगों को खुश करना है। इसलिए मैं एक्टर बन गया।

शाहरुख खान ने अपनी सुपरस्टार वाली इमेज को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि मैं अपनी इमेज के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुबई ग्लोबल समिट के दौरान शाहरुख खान ने अपनी असफलता और आलोचना के बारे में भी बात की। एक्टर ने से जब पूछा गया कि क्या वे कभी अपने काम की आलोचना करते हैं? शाहरुख ने कहा- करता हूं, लेकिन मुझे ऐसा महसूस करना पसंद नहीं है। मैं अपने बाथरूम में बहुत रोता हूं, लेकिन इसे किसी को नहीं दिखाता। खुद को यह मानना चाहिए कि आपकी फिल्म गलत हुई है, इसमें किसी की साजिश नहीं है। इस बात को स्वीकार करके आगे बढ़ाना चाहिए। शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे बेटी सुहाना के साथ फिल्म किंग में नजर आएंगे। सुजॉय घोष के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म 2026 में ईद पर रिलीज होगी।

# शादीशुदा विक्रम भट्ट को सुष्मिता ने किया था डेट : बोली थीं- मुझे इसका पछतावा नहीं था

## पहली फिल्म के सेट पर शुरू हुआ था अफेयर...





**सुष्मिता सेन ने महेश भट्ट की फिल्म दस्तक से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म की कहानी विक्रम भट्ट ने लिखी थी। फिल्म की शूटिंग के दौरान ही सुष्मिता और विक्रम रिलेशनशिप में आए थे। हालांकि उस वक्त विक्रम पहले से शादीशुदा थे और उनकी बेटी भी थी।**

**विक्रम के साथ अफेयर के बारे में सुष्मिता ने कहा था कि पहले वो विक्रम को पसंद नहीं करती थीं। हालांकि वक्त के साथ दोनों बातचीत करने लगे और दोस्ती हो गई। एक्ट्रेस ने यह भी कहा था कि अगर किसी शख्स की शादी अच्छी नहीं चलती है तो वो उस शख्स को दोषी महसूस नहीं करा सकती हैं। उन्हें इस बात से नहीं फर्क पड़ रहा था कि वो एक शादीशुदा इंसान को डेट कर रही थीं।**

### पहले विक्रम से करती थीं नफरत, बाद में दोस्त बनीं

सिमी गरेवाल के साथ एक इंटरव्यू में सुष्मिता ने खुलासा किया था कि शुरुआत में उनकी विक्रम भट्ट ने नहीं पटती थी। लेकिन बाद में उनका रिश्ता सुधर गया था। उन्होंने कहा था- एक दिन वह सेट पर दौड़ते हुए मेरे पास आए और मेरी उंगली टूट गई थी। यह ऐसा वक्त था, जब मैं उन्हें बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने वाली थी।

मुझे लगा कि उसके मन में मेरे खिलाफ कुछ पर्सनल बातें हैं क्योंकि वह महेश भट्ट से मेरी शिकायत करता था। हालांकि कुछ समय बाद हमारी बातचीत शुरू हुई और हम दोस्त बन गए। काफी समय बाद हमारा अफेयर खत्म हो गया। यह एक स्लो केमिस्ट्री थी।

सुष्मिता के साथ अफेयर पर विक्रम ने भी अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि सुष्मिता के साथ केमिस्ट्री शुरू होने से पहले उनकी शादी हो चुकी थी। इस पर सुष्मिता का कहना था- इनकी पत्नी और वो साथ नहीं रह रहे थे। अगर किसी की शादी अच्छी नहीं चल रही है तो मैं उसकी निंदा नहीं कर सकती हूं। उसे दोषी महसूस नहीं करा सकती हूं। मुझे इनकी पत्नी और बेटी से कोई शिकायत नहीं थी। कुछ चीजें होने के लिए नहीं होतीं। जब मैं इनसे मिली तो वह तलाकशुदा थे।

### महेश भट्ट ने सुष्मिता-विक्रम के रिश्ते पर लगाई थी मुहर

सुष्मिता और विक्रम के अफेयर के बारे में एक इंटरव्यू में महेश भट्ट ने कहा था- फिल्म दस्तक की मेकिंग के वक्त विक्रम का सुष्मिता के साथ रिलेशनशिप शुरू हुआ था। विक्रम मेरा दाहिना हाथ था। मेरा ज्यादातर काम करने में सबसे आगे रहता था। इस वजह से उसकी सुष्मिता से ज्यादा बातचीत होती थी।

बताते चलें, सुष्मिता और विक्रम का रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला था। कुछ समय की डेटिंग के बाद दोनों अलग हो गए थे। हालांकि ब्रेकअप के बाद भी दोनों अच्छा बॉन्ड शेयर करते रहे। कुछ समय पहले सुष्मिता का नाम बिजनेसमैन ललित मोदी के साथ नाम जोड़ा गया था, तब विक्रम सुष्मिता के सपोर्ट में उतरे थे।

# हरियाणा में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट टैक्स फ्री : सीएम सैनी ने देर रात किया ऐलान; कहा- इतिहास की शर्मनाक घटना, फिल्म में दिखाई गई सच्चाई

हरियाणा में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट टैक्स फ्री होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कल देर रात चंडीगढ़ में फिल्म देखने के बाद इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को गोधरा में हुए साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन हादसे पर आधारित है।

यह फिल्म हमारे हालिया इतिहास की सबसे शर्मनाक घटनाओं में से एक की महत्वपूर्ण सच्चाई को दर्शाती है। फिल्म निर्माताओं ने इस मुद्दे को बहुत संवेदनशीलता और गरिमा के साथ पेश किया है। यह मुद्दा हम सभी के लिए आत्ममंथन का समय है कि कैसे कुछ स्वार्थी लोगों ने राजनीति की। इस फिल्म के माध्यम से 59 निर्दोष पीड़ितों को भी अपनी बात कहने का मौका मिला है।

### पूरी कैबिनेट के साथ देखी फिल्म

सीएम नायब सिंह सैनी ने अपनी कैबिनेट के साथ मंगलवार शाम को चंडीगढ़ आईटी पार्क के डीटी मॉल में अपने मंत्रियों के साथ फिल्म देखने पहुंचे थे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। इसके अलावा, बीजेपी विधायक भी फिल्म का मजा लेने के लिए आए थे। इस दौरान फिल्म की डायरेक्टर एकता कपूर भी मौजूद रही।

### पीएम मोदी भी कर चुके तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गोधरा कांड पर बनी फिल्म साबरमती रिपोर्ट की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने एक यूजर की साबरमती रिपोर्ट पर की गई पोस्ट को ङ्ग पर रीट्वीट करके लिखा- यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है, वो भी इस तरह से कि आम जनता भी इसे देख सके। झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त कायम रह सकती है, हालांकि तथ्य सामने आता ही है।फिल्म साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं।



### ट्रेलर रिलीज से आई विवाद में

'द साबरमती रिपोर्ट के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म विवादों में आ गई थी। फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत मैसी ने बताया कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं। यहां तक कि विरोधी उनके 9 महीने के बच्चे को भी नहीं छोड़ रहे। उसके बारे में भी अनाप-शनाप बोल रहे हैं। इस बात का खुलासा खुद विक्रांत मैसी ने दिए इंटरव्यू में किया है। विक्रांत ने कहा कि गोधरा कांड की आग में कइयों ने रोटियां सेंकी हैं, लेकिन जो मारे गए, वे सिर्फ आंकड़े बनकर रह गए।

# एआर रहमान की टीम मेंबर ने किया तलाक का ऐलान : फैंस बोले- कुछ तो गड़बड़ जरूर है





एआर रहमान के तलाक की अनाउंसमेंट के कुछ ही घंटे बाद उनके ग्रुप की बेस गिटारिस्ट मोहिनी डे ने भी पति से अलग होने का ऐलान किया है। मोहिनी ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने बताया कि वह पति मार्क हार्टसच से अपनी शादी खत्म कर रही हैं।

मोहिनी ने इंस्टा पर किया ऐलान मोहिनी डे ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, भारी मन से मार्क और मैं ऐलान करते हैं कि हम अलग हो गए हैं। यह फैसला अपसी समझ से लिया है। हालांकि हम अच्छे दोस्त रहेंगे। हम दोनों अपनी जिंदगी में अलग-अलग चीजें चाहते हैं, जिसके चलते हमने यह फैसला लिया है।'

मोहिनी की मानें तो वह और मार्क भले ही अलग हो रहे हैं। लेकिन अपने प्रोजेक्ट्स पर वह एक-दूसरे की मदद करते रहेंगे। इसके साथ ही मोहिनी ने पोस्ट में दोस्तों और फैंस से अपील की है कि उनके इस फैसले पर उन्हें जज ना करें, बल्कि सपोर्ट करें। साथ ही हमारे प्रति पॉजिटिव रहकर हमारे फैसले और प्राइवेसी का सम्मान करें।

फैंस के रिएक्शन बता दें, एआर रहमान के तलाक की घोषणा के कुछ ही घंटे बाद उनकी पत्नी मोहिनी ने भी तलाक का ऐलान किया। इसके बाद से फैंस की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

कौन हैं मोहिनी रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहिनी 29 साल की हैं। वह कोलकाता की रहने वाली हैं और एक बैस प्लेयर हैं। उन्होंने एआर रहमान के साथ दुनियाभर में 40 से ज्यादा सो किए हैं और अगस्त 2023 में अपना पहला एल्बम रिलीज किया था।

एआर रहमान ने किया था तलाक का ऐलान ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने 29 साल की शादी के बाद अलग होने का फैसला किया है। इसको लेकर संगीतकार ने एक भावुक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी यह रिश्ता तीस साल तक कायम रहेगा।

# शाहरुख ने की आर्यन के डायरेक्टोरियल डेब्यू की अनाउंसमेंट

## स्टारकिड्स पर तंज कस कंगना रनोट बोलीं- बढ़िया है हर कोई तैयार होकर, खुद को एक्टर नहीं समझ रहा



शाहरुख खान के बड़े बेटे आर्यन खान जल्द ही नेटफ्लिक्स की सीरीज से डायरेक्टोरियल डेब्यू करने जा रहे हैं। हाल ही में शाहरुख ने इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है, जिसके बाद कंगना ने एक्टिंग फील्ड में जाने वाले स्टारकिड्स पर तंज कसते हुए आर्यन की तारीफ की है। कंगना ने शाहरुख की अनाउंसमेंट वाली पोस्ट री-शेयर कर इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में लिखा है, ये बहुत बढ़िया है कि फिल्मी फैमिलीज के बच्चे सिर्फ मेकअप लगाकर, वजन कम कर, तैयार होकर खुद को एक्टर समझने से आगे कुछ कर रहे हैं। हम सबको मिलकर इंडियन सिनेमा के स्टैंडर्ड को ऊपर उठाना चाहिए, क्योंकि समय की यही मांग है। जिनके पास संसाधन हैं वो अकसर आसान रास्ता चुनते हैं।

आगे कंगना ने आर्यन खान की तारीफ करते हुए लिखा है, हमें कैमरे के पीछे और लोग चाहिए। ये अच्छी बात है कि आर्यन खान ने ऐसा रास्ता चुना, जिससे कम लोग गुजरे हैं। मैं उसके बतौर फिल्ममेकर और राइटर डेब्यू का इंतजार कर रहा हूं। बताते चलें कि 19 नवंबर को शाहरुख खान ने ङ्ग प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) पर लिखा था, ये बेहद खास दिन है, जब जनता के सामने नई कहानी प्रेजेंट की जा रही है। आज ये और भी खास है क्योंकि रेड चिल्लीज एंटरटेनमेंट और आर्यन खान नेटफ्लिक्स पर अपनी नई सीरीज दिखाने जा रहे हैं। इसमें कहानी, अराजकता, विभत्य सीन और बहुत सारा फन और इमोशन है। आगे बढ़ो और लोगों का मनोरंजन करो आर्यन और याद रखना कि शो बिजनेस जैसा कोई और व्यवसाय नहीं है।

### कुछ समय पहले आर्यन ने ठुकराया था 120 करोड़ रुपए का ऑफर

आर्यन खान स्टारडम सीरीज से डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज को इंडियन सिनेमा के बैकड्रॉप पर बनाया गया है। कुछ महीनों पहले आर्यन को एक ओटीटी प्लेटफॉर्म से सीरीज के स्ट्रीमिंग राइट खरीदने का 120 करोड़ रुपए का ऑफर मिला था। हालांकि उन्होंने ये कहते हुए ऑफर ठुकरा दिया था कि वो जब तक इसके स्ट्रीमिंग राइट्स नहीं बेचेंगे, जब तक इसे पूरा न कर लें।

रिपोर्ट्स की मानें तो सीरीज में सलमान खान, शाहरुख खान और रणबीर कपूर कैमियो करने वाले हैं। वहीं लक्ष्य लालवानी सीरीज के लीड एक्टर होंगे, जिसे 6 एपिसोड में बताया गया है।

# सलमान की फटकार के बाद बदले अशनीर के बोल: पहले माफी मांगी, अब बोले- वो जानते हैं बिग बॉस में क्या चलता है; डील का पूरा चिट्ठा खोला

बिग बॉस 18 के पिछले वीकेंड का वार एपिसोड में शार्क टैंक के जज और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर बतौर गेस्ट नजर आए थे। इस दौरान सलमान खान ने उन्हें खूब रोस्ट किया। दरअसल, अशनीर ग्रोवर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उन्होंने सलमान खान को लेकर नेगेटिव कमेंट्स किए थे। जिसको लेकर अब सलमान ने उन्हें खूब सुनाई है। जिसके बाद से अशनीर सुर्खियों में बने हुए हैं, सोशल मीडिया पर भी उनको लेकर कई तरह की बातें की जा रही हैं। जिस पर अब अशनीर ग्रोवर का रिएक्शन सामने आया है।



### सलमान ने लगाई फटकार तो मांगी माफी

शो में अशनीर ने सलमान के सामने तो अपनी गलती मानी और कहा कि शायद वो वीडिया सही तरीके से नहीं दिखाया गया था। उन्होंने इसके लिए सलमान से माफी भी मांगी। लेकिन वीकेंड का वार खत्म होने के बाद अशनीर जो बात सलमान के सामने नहीं कह पाए वो उन्होंने एक्स पर लिख कर पोस्ट की।

### अशनीर ने एक्स पर पोस्ट कर दिया रिएक्शन

शो से आने के बाद अशनीर ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट लिखा और सलमान खान के साथ एक फोटो भी शेयर की। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा,उम्मीद करता हूं कि आप सभी ने बिग बॉस वीकेंड का वार इंजॉय किया होगा। मुझे भी बहुत मजा आया। और यकीन है कि उस एपिसोड को बढ़िया टीआरपी और व्यूज मिले होंगे। आगे उन्होंने सलमान खान की तारीफ भी की।

### क्या है पूरा मामला ?

अशनीर ग्रोवर का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो यह कहते नजर आ रहे हैं कि सलमान को उन्होंने एक ब्रांड शूट के लिए 7 करोड़ में साइन किया था जबकि सलमान की टीम का कहना था कि उन्हें सिर्फ 4.5 करोड़ ही दिए गए थे। शो के दौरान इस बात को करते हुए एक्टर ने इसे दोगलापन बताया।

### गूगल पर ट्रेंड कर रहे हैं अशनीर ग्रोवर

बिग बॉस-18 के वीकेंड का वार एपिसोड में आने के बाद अशनीर की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। साथ ही उन्हें गूगल पर भी काफी सर्च किया जा रहा है। जिसके चलते वह गूगल पर ट्रेंड कर रहे हैं।

# एक्टर सिद्दीकी को यौन उत्पीड़न मामले में अग्रिम जमानत : कोर्ट की शिकायतकर्ता को फटकार, कहा- 8 साल बाद शिकायत क्यों की; आरोप हैं- होटल में दुष्कर्म किया

अगस्त में साउथ एक्ट्रेस रेवती संपत्त ने सीनियर एक्टर सिद्दीकी पर शारीरिक शोषण के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले में अब सिद्दीकी को कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। कोर्ट ने इस मामले में शिकायत करने वाली एक्ट्रेस को गलत ठहराया है। बेंच का कहना है कि आपने 8 साल पुराने मामले में सोशल मीडिया पर बात की, लेकिन पुलिस के पास क्यों नहीं गईं?

मंगलवार को एक्टर सिद्दीकी की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने ये कहते हुए सिद्दीकी को अग्रिम जमानत दी कि शिकायतकर्ता ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए शारीरिक शोषण पर बात की, लेकिन शिकायत करने में 8 साल लगा दिए। उन्होंने 2018 में फेसबुक पर 14 लोगों के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए पोस्ट किया था। फिर भी वो केरल सरकार द्वारा बनाई गई हेमा कमेटी के पास अपनी शिकायत लेकर नहीं पहुंचीं।

बेंच के जस्टिस त्रिवेदी ने इसके बाद शिकायतकर्ता से कहा, आपने फेसबुक पोस्ट डालने की हिम्मत की, लेकिन पुलिस के पास जाने की नहीं? आगे बेंच ने अग्रिम जमानत का आदेश देते हुए कहा कि क्योंकि शिकायतकर्ता ने पुलिस शिकायत में देरी की है और अन्य परिस्थितियों को देखते हुए अग्रिम जमानत दी जा रही है।

जमानत के लिए कोर्ट ने सिद्दीकी के सामने रखी शर्त सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत की शर्त के अनुसार, एक्टर सिद्दीकी को ट्रायल पूरी होने तक अपना पासपोर्ट जमा करवाना होगा, साथ ही उन्हें जांच में पूरा सहयोग देना होगा।

एक्ट्रेस का आरोप- 8 साल पहले होटल बुलाकर दुष्कर्म किया मलयाली एक्ट्रेस रेवती संपत्त ने शिकायत में आरोप लगाए हैं कि करीब 8 साल पहले साल 2016 में एक्टर सिद्दीकी ने उन्हें एक फिल्म के सिलसिले में मस्कट होटल बुलाया था। वो मुलाकात करने पहुंची थीं, जहां उनका दुष्कर्म किया गया था। वहीं दूसरी तरफ सिद्दीकी और उनके वकील लगातार ये कह रहे हैं कि एक्ट्रेस महज उनकी छवि धूमिल करने के लिए उन पर आरोप लगा रही हैं।

रेवती द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद सिद्दीकी ने डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिए उन पर संगीन आरोप लगाए जा रहे हैं। बचाव में उन्होंने कहा कि वो साल 2016 में रेवती संपत से उनके पेरेंट्स की मौजूदगी में मिले थे।

कागजों को एक साथ जोड़े रखने वाली पिन ही कागजों को चुभती है, उसी प्रकार परिवार को भी वहीं व्यक्ति चुभता है जो परिवार को जोड़ के रखता है...

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# प्रदूषण के कारण राजस्थान के स्कूलों में छुट्टी

## बीकानेर, खैरथल और करौली में 300 के पार पहुंचा एक्यूआई, अब दिन का भी गिरने लगा पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए खैरथल-तिजारा जिले के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। 20 से 23 नवंबर तक पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चे स्कूल नहीं जाएंगे। मंगलवार को इसका आदेश खैरथल के कलेक्टर किशोर कुमार ने जारी किया है। उधर, उत्तर भारत में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद हवा ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। रात और दिन में कई शहरों का तापमान औसत से नीचे आ गया है। सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ने लगी है।

### बीकानेर में भी हालात ठीक नहीं

बढ़ती ठंड के साथ ही राजस्थान में प्रदूषण भी खतरे के स्तर को पार कर गया है। मंगलवार को भिवाड़ी (खैरथल), करौली और बीकानेर में 300 से ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया गया। बुधवार को भिवाड़ी का एक्यूआई 326 दर्ज किया गया। सोमवार को एक्यूआई 454 था। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रेप-4 नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। वायु प्रदूषण से हालात इतने खराब हुए हैं कि बीकानेर के स्कूलों में तो बच्चे मास्क लगाकर जा रहे हैं।

### 26 जिलों में एक्यूआई 200 से ज्यादा

मंगलवार को राजस्थान के कुल 26 जिलों में एक्यूआई 200 से ज्यादा था। सबसे साफ हवा दक्षिणी राजस्थान में दर्ज की गई, जिसमें सिरोही, प्रतापगढ़, सीकर, राजसमंद, बाड़मेर, अजमेर शामिल हैं।

### आंखों में जलन, सांस लेने में हो रही दिक्कत

18 नवंबर को ही सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने खैरथल-तिजारा जिले में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान की चौथी स्टेज लागू कर दी है। ऐसे में शहर में धूल कंट्रोल के लिए पानी का छिड़काव और स्मॉग गन का इस्तेमाल शुरू हो गया है। भिवाड़ी शहर में प्रदूषण के कारण मंगलवार को पूरे दिन आसमान में धुंध नजर आई और विजिबिलिटी घट गई। लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### दिन में चल रही ठंडी हवा

बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, जालोर को छोड़ दें तो मंगलवार को सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक भी नहीं पहुंचा। जयपुर, अलवर, सीकर, गंगानगर समेत कई शहरों में मंगलवार को दिन में हल्की गति से ठंडी हवा चली। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने विशेषज्ञों ने बताया- उत्तर भारत में जेट विंड्स का आना शुरू हो गया है। इससे उत्तर भारत समेत मध्य भारत के राज्यों में तापमान गिरने लगा है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में कल अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर, जालोर में 30.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। शेष सभी जिलों में कल अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। जयपुर में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



# इमरान खान को तोशाखाना के दूसरे मामले में जमानत

बढ़ता राजस्थान



**कराची।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना से जुड़े दूसरे मामले में जमानत मिल गई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने जमानत के तौर पर 10 लाख पाकिस्तानी रूपए के बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया है। इमरान खान पिछले साल 5 अगस्त से जेल में बंद है। हालांकि जमानत मिलने के बाद इमरान को रिहा किया जाएगा या नहीं, ये अभी साफ नहीं है। पहले से जेल में बंद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इस साल 13 जुलाई को तोशाखाना केस-2 में जेल से ही गिरफ्तार किया गया था। हालांकि पिछले महीने 24 अक्टूबर को बुशरा बीबी को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इससे पहले पिछले हफ्ते गुरुवार को पाकिस्तान की एक अदालत में तोशाखाना केस-द्ध में इमरान और बुशरा को बरी करने के लिए सुनवाई हुई थी। हालांकि कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था।

### 474 दिन से जेल में बंद है इमरान

इमरान अलग-अलग मामलों में 474 दिनों से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद की स्थानीय कोर्ट ने उन्हें 5 अगस्त, 2023 को तोशाखाना केस में दोषी करार दिया था। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के जमान पार्क स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बाद में उन्हें 2 और मामलों में दोषी करार दिया गया था। हालांकि इन सभी मामलों में इमरान को बरी किया जा चुका है। 13 जुलाई को फर्जी निकाह मामले में रिहाई के बाद उन्हें तोशाखाना केस-द्ध मामले में गिरफ्तार कर लिया गया था।

# भर्ती-प्रक्रिया शुरू होते ही याचिकाओं की बाढ़ आ जाती है-हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा, इसका प्रभावी समाधान क्या हो सकता है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाई कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही उसमें उत्पन्न होने वाले तथ्यात्मक विवादों को लेकर सरकार से पूछा है कि इन विवादों के निस्तारण का सरकार के पास कोई रास्ता है क्या? कोर्ट ने सवाल के जवाब के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव और विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव को 22 नवम्बर को कोर्ट में उपस्थित रहने के लिए कहा हैं।

जस्टिस समीर जैन की अदालत ने बुधवार को यह टिप्पणी एएनएम भर्ती परीक्षा से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की। अदालत ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही कोर्ट में याचिकाओ की बाढ़ आ जाती हैं। खासतौर पर चिकित्सा, शिक्षा और पुलिस विभाग में भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही बड़ी संख्या में कोर्ट में याचिकाएं दायर होती हैं।



विभाग स्तर पर कोई विकल्प हो सकता है सरकार की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता अर्चित बोहरा ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के करीब 4800 पदों पर मई 2023 को भर्ती निकली थी। चयन की फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद 15 नवम्बर 2024 को नियुक्तियां देना भी शुरू हो गया हैं।

इस बीच अलग-अलग तथ्यात्मक विवादों, जैसे श्रेणी परिवर्तन, दिव्यांगता, अनुभव प्रमाण पत्र सहित अन्य तकनीकी खामियों को लेकर सैकड़ों याचिकाएं कोर्ट में दायर हुई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूछा है कि इन तथ्यात्मक विवादों के निपटारे के लिए क्या विभाग स्तर पर ग्रीवेंस अथॉरिटी बनाई जा सकती हैं। जिससे अभ्यर्थी सीधे कोर्ट में ना आकर पहले अथॉरिटी में अपील कर सके।

उन्होने कहा कि हमने कोर्ट को बताया कि विभाग स्तर पर परिवेदना समिति होती है। लेकिन वो समिति समय के लिए ही परिवेदनाएं सुनती हैं। लेकिन इससे कोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ।

**भर्तियां कोर्ट में अटक जाती है**

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में अदालत विशेषज्ञ नही है। लेकिन उसे फिर भी निर्धारित समय के भीतर मामले को सुनकर निर्णय देना होता हैं। क्योंकि ऐसा नहीं होने पर संपूर्ण चयन प्रक्रिया प्रभावित होती है।

# दिल्ली में पॉल्यूशन : 5वें दिन भी एक्यूआई 400 पार

## 79 फ्लाइट्स लेट, 6 डायवर्ट; 50% सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को भी हवा जहरीली बनी हुई है। लगातार 5वें दिन एक्यूआई 400 के पार है। 15 नवंबर को इसका लेवल 396 था।

बुधवार की सुबह 6 बजे कई इलाकों में एक्यूआई 450 और 9 बजे 424 रहा। यह 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

शहर का सबसे प्रदूषित इलाका मुंडका (एक्यूआई 464) रहा। वहीं, वजीरपुर और अलीपुर में एक्यूआई 462 रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के कारण छाई धुंध से पालम समेत कुछ इलाकों में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई। इस कारण 79 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी और 6 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इसके अलावा रेलवे ने बताया कि बुधवार को 13 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के 50% सरकारी कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह जानकारी पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दी है।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने जजों को डिजिटल सुनवाई का ऑप्शन दिया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना ने कहा कि जहां भी संभव हो सके, कोर्ट वहां डिजिटल तरीके से सुनवाई करें। वकील वर्चुअल पैरवी कर सकते हैं। दरअसल, कपिल सिब्बल समेत सुप्रीम कोर्ट के कई वकीलों ने यह मांग की थी। कोर्ट ने अपने स्टाफ के लिए मास्क पहनना भी अनिवार्य कर दिया है।

थरूर बोले- दिल्ली नवंबर से जनवरी तक रहने लायक नहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर लिखा- दिल्ली नवंबर से जनवरी तक रहने लायक नहीं है। बाकी के साल में बमुश्किल रहने लायक है। क्या इसे देश की राजधानी भी बना रहना चाहिए? उन्होंने लिखा- दिल्ली आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है।

# इजराइल-हमास जंग के बीच नेतन्याहू गाजा पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 19 नवंबर को अचानक गाजा का दौरा किया। यहां वे इजराइली सैन्य ठिकानों पर पहुंचे। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज भी उनके साथ थे। इस दौरान उन्होंने इजराइल बंधकों को सौंपने वाले को 5 मिलियन डॉलर देने की भी पेशकश की। नेतन्याहू ने हमास के साथ किसी भी तरह के युद्ध विराम के प्रयासों को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म होने के बाद हमास फिर कभी फिलिस्तीन पर हुकूमत नहीं करेगा। नेतन्याहू ने कहा- हमास वापस नहीं आएगा। इजराइल गाजा में लापता 101 इजराइली बंधकों की तलाश जारी रखेगा। जो कोई भी हमारे बंधकों को नुकसान पहुंचाने की हिम्मत करेगा, वह अपनी मौत का खुद जिम्मेदार होगा। हम उन्हें खोजकर रहेंगे।

इजराइली सेना ने इस विजिट का वीडियो भी जारी किया है। नेतन्याहू युद्ध जैकेट और हेलमेट पहने दिख रहे हैं। इजराइली ने यह दौरा ऐसे वक्त किया जब ब्राजील में त्20 समिट चल रही थी। समिट में गाजा को और ज्यादा मदद देने और युद्ध रोकने की अपील की गई। इजराइल-हमास जंग को 13 महीने हुए, 90त्न गाजा बर्बाद इजराइल-हमास जंग को 13 महीने हो चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 को इसकी शुरुआत हुई थी।

# कश्मीर को सीधे दिल्ली से जोड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनवरी में उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर कश्मीर को नई दिल्ली से जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे, इसकी जानकारी रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने मंगलवार को दी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जनवरी 2025 से राष्ट्रीय राजधानी को सीधे कश्मीर से जोड़ेगी। यह ट्रेन दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब रेल ब्रिज से होकर गुजरेगी। रेलवे ने यूएसबीआरएल परियोजना के 272 किलोमीटर में से 255 किलोमीटर का काम पूरा कर लिया है, कटरा और रियासी के बीच सिर्फ 17 किलोमीटर में से एक छोटा सा हिस्सा दिसंबर तक पूरा किया जाना है। रवनीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुसार जनवरी में उद्घाटन होगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह परियोजना इस साल दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है।



### हर एक पहलू की जांच की जा रही है

रेलवे अधिकारियों ने कहा कि हर एक पहलू की जांच की जानी है और इन सभी चीजों का बड़े पैमाने पर गहन निरीक्षण किया जा रहा है और यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी और तकनीकी टीमें बार-बार दौरा कर रही हैं कि सब कुछ मानक के अनुरूप है। इस परियोजना में बहुत मेहनत की गई है। यह एक बड़ा उपक्रम है। एक बार हर पहलू का सत्यापन हो जाए, उसके बाद ही इसके उद्घाटन की तारीख तय की जाएगी। कटड़ा से श्रीनगर तक रेल कनेक्टिविटी होते ही इस रूट पर वंदेभारत एक्सप्रेस को भी चलाने का प्रस्ताव है। चेन्नई की रेल कोच फैक्ट्री में तैयार वंदेभारत देश के विभिन्न हिस्सों में पटरी पर उतर चुकी है। इस रूट पर कम कोच वाली गाड़ी चलाएंगे। यह प्रोजेक्ट पूरा होते ही 32 ट्रेनों (अप-डाउन) को पटरी पर दौड़ाया जाएगा। इसके तहत ट्रेन नंबर 12425/26 न्यू दिल्ली से जम्मूतवी, 12445/46 न्यू दिल्ली से माता वैष्णो देवी कटरा, 16031/32 चेन्नई सेंट्रल से माता वैष्णो देवी कटरा, 11449/50 जबलपुर से माता वैष्णो देवी कटरा, 16787/88 तिरुनेलवेली से माता वैष्णो देवी कटरा, 16317/18 कन्याकुमारी से माता वैष्णो देवी कटरा, 19803/04 कोटा से माता वैष्णो देवी कटरा, 12331/32 हावड़ा से जम्मूतवी व सात अन्य रेल शामिल हैं।

# बीजेपी नेता गिर्राज सिंह मलिंगा ने किया सरेंडर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** पूर्व विधायक और भाजपा नेता गिर्राज सिंह मलिंगा ने बुधवार शाम 4:15 बजे धौलपुर के एससी-एसटी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने मलिंगा को 2 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। कोर्ट में सरेंडर के बाद पुलिस बाड़ी के पूर्व विधायक मलिंगा को आधा किलोमीटर तक पैदल ही लेकर कोतवाली थाने पहुंची। इसके बाद कोतवाली थाने के सामने से मलिंगा को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर धौलपुर जेल तक ले जाया गया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य में सिंगापुर महत्वपूर्ण साझेदार

## इस यात्रा से राजस्थान एवं सिंगापुर के संबंधों को मिलेगी मजबूती

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 180 बिलियन से दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन के अनुसार हम भी विकसित राजस्थान-2047 के लिए काम कर रहे हैं और सिंगापुर इसमें हमारा बहुत महत्वपूर्ण साझेदार बन सकता है।

शर्मा बुधवार को सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगापुर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान की 'अतिथि देवो भव:' की संस्कृति रही है तथा राजस्थान अपने अद्वितीय संस्कृति और विरासत के लिए दुनियाभर में मशहूर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का सिंगापुर बहुत महत्वपूर्ण भागीदार है तथा सिंगापुर ने अपने आर्थिक मॉडल से विश्व को प्रेरित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य, जल संचय, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम हो रहा है। राज्य के लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए हमनें कुल बजट का 8.26 फीसदी बजट स्वास्थ्य क्षेत्र को दिया है। वहीं, कैच द रैन तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन 2.0 के माध्यम से राज्य में जल संचय को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान में पेयजल एवं सिंचाई के लिए हमने ईआरसीपी का ऐतिहासिक एमओयू किया है। साथ ही, इसे धरातल पर उतारने का काम भी शुरू हो चुका है।



### राजस्थान में विश्वभर से निवेश के लिए राइजिंग राजस्थान एक बड़ा मंच

शर्मा ने कहा कि राज्य में विश्वभर से निवेश के नए अवसरों को खोलने के लिए हम आगामी 9 से 11 दिसम्बर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रहे हैं। इस समिट के तहत अब तक 20 लाख करोड़ रूपए के एमओयू हो चुके हैं। श्री शर्मा ने इस ऐतिहासिक आयोजन में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल को भी आने का न्यौता दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सिंगापुर डेलिगेशन की यह यात्रा न केवल राजस्थान और सिंगापुर के संबंधों को मजबूत बनाएगी बल्कि राजस्थान के विकास और वैश्विक संपर्क में नई संभावनाएं भी खोलेगी। इस दौरान राज्य की आर्थिक स्थिति, जल संचय, चिकित्सा एवं राइजिंग समिट से जुड़े कार्यक्रमों, नवाचारों तथा योजनाओं की जानकारी संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री अखिल अरोरा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि राजस्थान में नवीनकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं तथा राजस्थान की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवा हैं। ऐसे में, राजस्थान विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है।